

YouTube Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar

हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की

बरेली, मुरादाबाद, अलीगढ़, आगरा, सहारनपुर मंडल, दिल्ली एनसीआर एवं उत्तराखंड में प्रसारित



सीएम योगी ने गोरखपुर में सुनीं समस्याएं, बोले ........०1

Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in

प्रधानमंत्री मोदी ने की मन की बात कार्यक्रम में राममंदिर...०1

वर्ष: ०3 अंक: 143 | बदायूं, सोमवार ०1 दिसंबर 2०25 | पृष्ठ- ०8 | मूल्य- 4.०० रूपये


## चुनाव आयोग ने 12 राज्यों में समयसीमा बढ़ाई

### अब 11 दिसंबर तक चलेगा एसआईआर कार्य




**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 12 राज्यों में एसआईआर की डेडलाइन सात दिन बढ़ा दी है। अब मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआई आर) की प्रक्रिया 11 दिसंबर तक चलेगी। पुनरीक्षण की समयसीमा बढ़ाने का एलान करते हुए आयोग ने जो नोटिस जारी किया है, इसके मुताबिक पुनरीक्षण के बाद मतदाता सूची के मसौदे का प्रकाशन 16 दिसंबर को होगा। अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। चुनाव आयोग ने कहा है कि मतदाताओं के नाम दर्ज करने के लिए फॉर्म भरे जाने यानी इन्युमरेशन की अवधि 11 दिसंबर तक बढ़ाई गई है।

आयोग ने मतदान केंद्र यानी पोलिंग बूथों के आवंटन की प्रक्रिया भी 11 दिसंबर तक पूरे कर लिए जाने की बात कही है। 3० नवंबर को जारी शेड्यूल के मुताबिक आयोग ने 12 से 15 दिसंबर के बीच कंट्रोल टेबल तैयार किए जाने की बात कही है। इसी अवधि में सभी 12 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाताओं की मसौदा सूची यानी ड्राफ्ट रोल भी तैयार कर लिए जाएंगे। मतदाता अपनी आपत्तियां 16 दिसंबर से 15 जनवरी के बीच दर्ज करा सकेंगे।

चुनाव आयोग ने कहा है कि 16 दिसंबर से सात फरवरी के बीच सभी राज्यों के इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर मतदाताओं की आपत्तियों पर सुनवाई करेंगे। इसी अवधि में चुनाव आयोग नोटिस जारी कर मतदाताओं से जवाब भी तलब करेगा। 1० फरवरी को सभी पैमानों पर मतदाता सूची के ड्राफ्ट रोल को परखा जाएगा। इसके बाद आयोग की तरफसे अंतिम सूची के प्रकाशन की अनुमति दी जाएगी।

12 राज्यों में जारी एसआईर के बीच चुनाव आयोग ने कोलकाता के रेड-लाइट इलाकों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान समस्याओं का भी संज्ञान लिया है। चुनाव आयोग 2 और 3 दिसंबर को विशेष शिविर आयोजित करने का फैसला लिया है। निर्णय तीन संगठनों- सोसाइटी ऑफ ह्यूमन डेवलपमेंट एंड सोशल एक्शन, उषा मल्टीपर्पज को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड और अमरा पदातिक की तरफसे उठाई गई चिंताओं के बाद लिया गया है। संगठनों ने बताया कि यौन कर्मियों को फॉर्म भरने में कठिनाई हो रही है। एसआईआर से जुड़ी चिंताओं के बीच राज्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल ने आश्वासन दिया है कि सोनागाछी सहित अन्य क्षेत्रों में विशेष सुनवाई का इंतजाम किया जाएगा। पात्र मतदाताओं की हरसंभव सहायता की जाएगी। उन्होंने कहा है कि वे खुद भी एक शिविर में शामिल हो सकते हैं। सीईओ मनोज अग्रवाल ने चुनाव आयोग के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे रेड लाइट इलाकों में जाकर समस्याओं का समाधान करें। बता दें कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने 27 अक्तूबर को केरल समेत 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों की शुद्धि का अभ्यास शुरू करने का एलान किया था। 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का दूसरा चरण आयोजित करने की घोषणा की थी। प्रक्रिया पूरी होने के बाद अंतिम मतदाता सूची 7 फरवरी, 2०26 को प्रकाशित की जाएगी।

## शीतकालीन सत्र के हंगामेदार रहने के आसार

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक आयोजित



**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। केंद्र और विपक्ष के बीच इस शीतकालीन सत्र में कई मुद्दों को लेकर हंगामा छिड़ने के आसार अभी से नजर आ रहे हैं। शीतकालीन सत्र से पहले रविवार को हुई केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रविवार को हुई सर्वदलीय बैठक में जेपी नड्डा, किरेन रिजिजू समेत कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, गौरव गोगोई और अन्य नेता शामिल हुए।

सर्वदलीय बैठक के बाद कांग्रेस के लोकसभा सांसद गौरव गोगोई ने कहा, ऐसा लगता है कि सरकार, भाजपा, प्रधानमंत्री भारत के लोकतंत्र और संसदीय परंपराओं को खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ये संभवत: सबसे छोटा शीतकालीन सत्रय ऐसा लगता है कि सरकार संसद को पटरी से उतारना चाहती है। उन्होंने संसद में पार्टी की रणनीति को लेकर कहा, सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस ने राष्ट्रीय सुरक्षा, वायु प्रदूषण, लोकतंत्र की रक्षा, मतदाता सूची की सुरक्षा पर चर्चा की मांग की।

सर्वदलीय बैठक के बाद माकपा नेता जॉन ब्रिटास ने कहा, दिल्ली में लाल किले के पास हुए विस्फोट ने सरकार की पोल खोल दी है। हमारी पार्टी सुरक्षा से मुद्दों पर संसद में विस्तृत चर्चा चाहती है। उन्होंने कहा कि यदि संसद बाधित होती है और ठप्प होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी। सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, किसी ने नहीं कहा कि संसद नहीं चलेगी या चलने नहीं देंगे। कुछ नेताओं ने कहा कि वे सदन में हंगामा कर सकते हैं। मैं सकारात्मक रूप से कह रहा हूं कि हम विपक्ष की बात सुनने के लिए तैयार हैं। संसद सबकी है, देश की है। संसद में हर मुद्दे पर चर्चा करने का एक तरीका होता है। नियम होते हैं, परंपराएं होती हैं।

## एक नजर

### भारत ने द. अफ्रीका के सामने रखा 35० रन का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** विराट कोहली के शतक और रोहित शर्मा तथा केएल राहुल के अर्धशतकों की मदद से भारतीय टीम ने पहले वनडे में दक्षिण अफ्रीका के सामने 35० रनों का लक्ष्य रखा है। रांची में खेले जा रहे इस मुकाबले में टीम इंडिया ने 5० ओवर में आठ विकेट पर 349 रन बनाए। अब जिम्मेदारी गेंदबाजों पर है।

भारत को छठा झटका केएल राहुल के रूप में लगा। उन्हें यानसेन ने डिकॉक के हाथों कैच कराया। वह 56 गेंदों में 6० रन बनाकर आउट हुए। अब जडेजा का साथ देने हर्षित राणा आए हैं।

केएल राहुल ने 5० गेंदों में अपने वनडे करियर का 19वां अर्धशतक पूरा कर लिया। वह शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। भारत ने पांच विकेट पर 32० से ज्यादा रन बना लिए हैं।

भारत को पांचवां झटका विराट कोहली के रूप में लगा। उन्हें नांद्रे बर्गर ने रेयान रिकेल्टन के हाथों कैच कराया। इस मुकाबले में किंग कोहली 12० गेंदों में 135 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इस दौरान उन्होंने 11 चौके और सात छक्के लगाए। अब केएल राहुल का साथ देने रवींद्र जडेजा आए हैं। 43 ओवर के बाद भारत का स्कोर पांच विकेट पर 277 रन है। विराट कोहली ने 1०2 गेंदों में अपने वनडे करियर का 52वां शतक पूरा किया। वह शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। यह उनके करियर का ओवरऑल 83वां शतक है। मैच के दौरान एक प्रशंसक सुरक्षा घेरा तोड़कर कोहली के करीब पहुंच गया और पूर्व कप्तान के पैरों में गिर पड़ा। तभी मैदानकर्मी मौके पर पहुंचे और उसे बाहर ले गए। भारत को चौथा झटका बार्टमैन ने ही दिया। उन्होंने कॉर्बिन बॉश के हाथों वाशिंगटन सुंदर को अपना शिकार बनाया। वह 19 गेंदों में 13 रन बना पाए। अब कोहली का साथ देने केएल राहुल आए हैं। भारत को तीसरा झटका ऋतुराज गायकवाड़ के रूप में लगा। उन्हें बार्टमैन ने ब्रेविस के हाथों कैच कराया। युवा बल्लेबाज आठ रन बनाकर पवेलियन लौटे।

## सीएम योगी ने सुनी समस्याएं, बोले घबराइए मत हर समस्या का समाधान होगा



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**गोरखपुर।** प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन, रविवार सुबह जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा, 'घबराइए मत, हर समस्या का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। हर पीड़ित की शिकायत का प्रभावी निस्तारण कराया जाएगा।' जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी निस्तारण कराएं। इससे पहले शनिवार को भी सीएम ने जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनी थीं।

रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 2०० लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में महिलाओं की संख्या अधिक रही। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और उनकी समस्याएं सुनीं। सीएम ने उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी चिंता करने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का त्वरित और पारदर्शी निस्तारण कराया जाए। जनता दर्शन में कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर सीएम योगी ने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी गरीब की जमीन पर यदि कोई कब्जा करने की कोशिश करे तो उसे ठीक से सबक सिखाया जाए। गरीब की जमीनों पर दबंग या माफिया का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अफसरों को यह निर्देश भी दिए कि यदि किसी प्रकरण में पीड़ित को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ा है तो इसकी भी जांच कर जवाबदेही तय की जाए। जनता दर्शन में अंबेडकरनगर से आई एक महिला ने बाजार गए अपने बच्चे के साइकिल सहित गायब होने की पीड़ा बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि इस प्रकरण को संवेदनशीलता से लिया जाए और बच्चे का पता लगाने को जरूरी कदम उठाए जाएं।

## आरएसएस प्रमुख बोले- कुछ भारतीय लोग अपनी ही भाषा नहीं जानते

**दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को भारतीय भाषाओं और मातृभाषाओं के घटते इस्तेमाल पर चिंता जताई। मोहन भागवत ने कहा कि हालात ऐसी स्थिति पर पहुंच गए हैं कि कुछ भारतीय लोग हमारी अपनी भाषाएं नहीं जानते हैं। संत ज्ञानेश्वर की मूल रूप से मराठी में लिखी गई पुस्तक श्री ज्ञानेश्वरी के अंग्रेजी संस्करण के विमोचन के अवसर पर नागपुर में बोलते हुए भागवत ने समाज से भाषाई विरासत के धीरे-धीरे कम होने पर आत्मचिंतन करने की अपील की। उन्होंने कहा, एक समय था जब सारा संचार, लेन-देन, रोजमर्रा के काम संस्कृत में होते थे। अब, कुछ अमेरिकी प्रोफेसर हमें संस्कृत पढ़ाते हैं, जबकि वास्तव में हमें इसे दुनिया को सिखाना चाहिए था। आज बहुत से बच्चे कुछ बुनियादी और सरल शब्द भी नहीं जानते हैं और अक्सर घर पर अपनी मातृभाषा और अंग्रेजी के मिश्रण में बात करते हैं। आरएसएस प्रमुख ने कहा, स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि कुछ भारतीय लोग हमारी अपनी भारतीय भाषाएं नहीं जानते हैंश् उन्होंने कहा कि अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा इसके लिए जिम्मेदार नहीं है, बल्कि घर पर भारतीय भाषाएं बोलने की अनिच्छा के कारण स्थिति और बिगड़ रही है।

## पकड़े गए दो मौलवी, दिल्ली कार विस्फोट का सामने कनेक्शन आया सामने

### एनआईए की टीम ने डाला डेरा



**रामपुर।** विस्फोट की घटना का रामपुर का कनेक्शन सामने आया है। शुक्रवार की रात एनआईए टीम ने हल्द्वानी और नैनीताल मस्जिद के जिन दो मौलवियों को पकड़ा है, वह दोनों रामपुर के रहने वाले हैं। आतंकियों को तलाशने के लिए एनआईए की टीम ने तीन दिन से रामपुर जिले में डेरा डाले हुए है। हालांकि एसपी विद्यासागर मिश्र ने कोई भी जानकारी से मना कर दिया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, दिल्ली विस्फोट में फिदायीन आंतकी डॉ. उमर नबी के मोबाइल फोन से मिली कॉल डिटेल से अहम लिंक मिलने के बाद एनआईए और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी टीमें तीन दिन से रामपुर जिले में हैं। टीम टांडा, दढ़ियाल और शाहबाद क्षेत्र में संदिग्ध ठिकानों पर नजर रखे हुए है। बीती रात एनआईए टीम ने हल्द्वानी के बनभूलपुरा में बिलाल मस्जिद के मौलवी मोहम्मद आसिम कासमी को पकड़ा है। उधर नैनीताल मस्जिद के मौलाना नईम से भी पूछताछ कर रही है। दोनों दढ़ियाल रामपुर के रहने वाले हैं। हालांकि एनआईए ने अभी तक रामपुर से कोई गिरफ्तारी नहीं की है।

एनआईए की गिरफ्त में आए दढ़ियाल के रहने वाले मौलवी मोहम्मद आसिम चार भाई हैं। तीन भाई और पिता मदरसे में पढ़ाने का काम करते हैं। मोहम्मद दढ़ियाल से 15 वर्ष पूर्व हल्द्वानी जा कर बस गए थे। जनवरी 2०25 में यह अपने घर दढ़ियाल आए थे। मोहम्मद आसिम के परिजनों ने बताया कि कासिम सबसे बड़े हैं, ये मदरसा कुंदरकी में पढ़ाते हैं। दूसरे नंबर के मौलवी मोहम्मद आसिम हल्द्वानी में मौलाना हैं। सलीम तीसरे नंबर के हैं, ये हसन का मजरा मसवासी के मदरसे में पढ़ाते हैं। नाजिम चौथे नंबर में हैं। ये दढ़ियाल के मदरसे में पढ़ाते हैं, साथ ही मस्जिद के इमाम भी हैं। इनके पिता भी इसी मदरसे में पढ़ाते हैं। बताया कि मौलवी मोहम्मद आसिम की 1० साल पहले शादी हुई थी। उनके पांच बच्चे हैं। जिसमें दो लड़के और तीन लड़कियां है। बताया कि यहां एनआईए की टीम नहीं आई थी। आतंकी कनेक्शन को लेकर टांडा तहसील पहले भी चर्चा में रही है। मई 2०25 में मोहल्ला आजादनगर निवासी शहजाद को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में मुरादाबाद से गिरफ्तार किया गया था।

## राम मंदिर धर्मध्वज से लेकर 15०० एंड्युरेंस रिपाट्र्स तक बोले पीएम मोदी




**दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 128वें संस्करण को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कई अहम मुद्दों पर बात की, जिनमें राम मंदिर धर्म ध्वज फहराने से लेकर इंसानी सहनशक्ति परखने वाले खेलों (एंड्यूरेंस स्पोर्ट्स) की चर्चा शामिल है। तो आइए जानते हैं कि पीएम मोदी के संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि नवंबर का महीना बहुत सी प्रेरणाएं लेकर आया, जिनमें संविधान दिवस का आयोजन, वंदे भारत पर आयोजित कार्यक्रम और राम मंदिर पर धर्म ध्वज का आरोहण शामिल है। पीएम मोदी ने कुरुक्षेत्र में ज्योतिसर में पांचजन्य स्मारक के लोकार्पण का भी जिक्र किया।

पीएम मोदी ने जम्मू कश्मीर के पहाड़ी इलाकों में वन तुलसी यानी सुलाई के फूलों से बने शहद का जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि यह सफेद रंग का शहद होता है, जिसे रामबन सुलाई शहद कहा जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस शहद को जीआई टैग भी मिल चुका है। उन्होंने कहा श्आज भारत शहद उत्पादन में नए रिकॉर्ड बना रहा है। आज भारत में शहद उत्पादन डेढ़ लाख मीट्रिक टन से ज्यादा हो गया है। इससे हजारों लोगों को रोजगार के अवसर मिले हैं। इससे देश के कोनों में शहद की मिठास भी बढ़ रही है और ये मिठास किसानों की आय भी बढ़ा रही है।

प्रधानमंत्री ने जामनगर के राजा दिग्विजय सिंह जी रणजीत सिंह जी जडेजा को याद किया। उन्होंने कहा भारत की महान संस्कृति में शांति और करुणा का भाव सर्वोपरि रहा है। दूसरे विश्वयुद्ध के समय जब चारों ओर भय का माहौल था। उस वक्त जामनगर के जामसाब राजा दिग्विजय सिंह जी रणजीत सिंह जी जडेजा ने विश्वयुद्ध के बीच यहूदी बच्चों की रक्षा की। उन्होंने तब गुजरात में हजारों यहूदी बच्चों को शरण देकर उनकी रक्षा की, जो आज भी मिसाल है। पिछले साल पोलैंड के वारसॉ में मुझे जामसाब की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने का मौका मिला था, जो मेरे लिए अविस्मरणीय पल रहा।

पीएम मोदी ने कहा कि 2 दिसंबर से काशी के नमो घाट पर काशी-तमिल संगमम के चौथे संस्करण की शुरुआत हो रही है। यह उन सभी लोगों के एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है, जिन्हें तमिल भाषा से प्यार है। इस बार भी काशी वासी पूरे जोश और उत्साह के साथ तमिलनाडु से आने वाले अपने भाई-बहनों का स्वागत करने के लिए उत्सुक है। इसके साथ ही ऐसे और मंचों के बारे में सोचे, जिनसे एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना मजबूत हो। प्रधानमंत्री ने कहा मुंबई में प्छै माहे को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। कुछ लोगों के बीच इसके स्वदेशी डिजाइन को लेकर खूब चर्चा रही। वहीं, पुडुचेरी और मालाबार तटीय इलाकों के लोग इसके नाम से ही खुश हो गए। दरअसल इसका माहे नाम उस स्थान माहे के नाम पर रखा गया है, जिसकी एक समृद्ध ऐतिहासिक विरासत रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी नौसेना तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रही है। 4 दिसंबर को हम नौसेना दिवस मनाने जा रहे हैं। ये दिन हमारे बहादुर नौसेना जवानों को सम्मान देने का अवसर है।

### मोतिहारी में भीषण हादसा, पांच लोगों की मौत

**पटना।** मोतिहारी के कोटवा डिप्पू मोड़ पर मंगलवार को हुए भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना कोटवा थाना क्षेत्र के कोटवा-दीपऊ मोड़ के पास एनएच-27 पर हुई। यहां पर तेज रफ्तार ट्रक ने चार बाइक सवारों को रौंद दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पांचों बाइक ट्रक के नीचे बुरी तरह फंस गईं। हादसे के बाद सड़क पर दिल दहलाने वाला मंजर दिखा। शव इधर-उधर बिखरे पड़े थे। लोगों को भीड़ जमा हो गई।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, बाइक नीचे फंसने के कारण ही ट्रक कुछ दूरी पर रुक पाया, वरना हादसा और भी बड़ा हो सकता था। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए। प्रशासन की मदद से घायलों को सदर अस्पताल समेत अन्य निजी हॉस्पिटल में इलाज के लिए भेजा गया।

हादसे के बाद लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। गुस्साए लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया और एक गाड़ी में आग लगा दी। लोगों का कहना है इसी गाड़ी के चालक की लापरवाही से यह हादसा हुआ है। इधर, हालात नियंत्रित करने के लिए पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर कैंप कर रहे हैं। अधिकारियों ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है और घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

# ताज महोत्सव के आयोजन को लेकर मंडलायुक्त की अध्यक्षता में ताज महोत्सव समिति की बैठक सम्पन्न




**आगरा।** ताज महोत्सव 2०26 के आयोजन को लेकर मण्डलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को ताज महोत्सव समिति की बैठक सम्पन्न हुई। पर्यटन विभाग द्वारा ताज महोत्सव के आयोजन हेतु प्रस्तावित बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया गया। आयोजन तिथि,स्थल, थीम सहित विभिन्न बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। शिल्पग्राम में जीर्णोद्धार कार्य प्रगतिमान होने के कारण इस बार ताज महोत्सव आई लव आगरा सेल्फी प्वाइंट के बने बड़े मैदान में किया जाएगा। यह आयोजन 18 से 27 फरवरी तक होगा। पहली बार खुले मैदान में हो रहे ताज महोत्सव के आयोजन को भव्य व सफल बनाने के लिए मण्डलायुक्त ने पर्यटन विभाग को जिलाधिकारी और डीसीपी के साथ स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए। वहीं गठित उपसमितियों को भी सक्रिय कर ताज महोत्सव से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं की तैयारियां शुरू कराये जाने के निर्देश दिए। ताज महोत्सव स्थल में प्रवेश टिकट की दर यथावत 5० रूपये प्रति व्यक्ति रखी गयी है। शिल्प मेला के अन्तर्गत लगायी जाने वाली अस्थाई स्टालों की दरों में लगभग 1० प्रतिशत की वृद्धि की गयी है। पार्किंग की व्यवस्था कलाकृति मैदान में की जाएगी। सदर बाजार, आई लव आगरा सेल्फी प्वाइंट,ग्यारह सीढ़ी और फतेहपुर सीकरी और बटेश्वर आदि स्थलों पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन होंगे,जिसकी सूची तैयार होगी।साथ ही प्रमुखता से बड़े कलाकारों के भी जल्द चयन करने के निर्देश दिए गये। ताज महोत्सव 2०26 की थीम निर्धारित करने हेतु मीडिया में विज्ञप्ति जारी कर आमजन से सुझाव मांगे जायेंगे। तत्पश्चात सर्वश्रेष्ठ थीम का चयन किया जाएगा। स्पांसरशिप/ प्रायोजकों के माध्यम से समिति की आय बढ़ाने पर भी विचार विमर्श किया गया। आयुक्त द्वारा निर्देश दिए गये कि नये स्पांसरशिप ढूंढें जाए, साथ ही विज्ञापन के लिए भी एप्रोच किया जाए। मण्डलायुक्त ने मेला स्थल व्यवस्था समिति के अध्यक्ष नगरायुक्त और टेण्डर समिति की अध्यक्षा एडीए उपाध्यक्ष को निर्देश दिए कि ताज महोत्सव के सभी स्थलों का संयुक्त निरीक्षण सभी व्यवस्थाएं और जनसुविधाएं दुरूस्त कर ली जाएं। लाईटिंग, साज सज्जा,प्रचार प्रसार, कलाकारों के चयन इत्यादि आयोजन से संबंधित सभी निविदाएं दिसंबर के पहले सप्ताह में ही जारी की जाएं। वहीं सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था समिति से मौजूद संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा,यातायात एवं पार्किंग की समुचित व्यवस्था बनाये रखने हेतु ससमय तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।बैठक में जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी,एडीए उपाध्यक्ष एम अरुन्मौली, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी शक्ति सिंह,विशाल श्रीवास्तव,रमेश वाधवा आदि मौजूद रहे।

# श्रीराम सेवा समिति आगरा द्वारा दो दिवसीय अष्ट्म सामूहिक एकादशी उद्यापन के उपलक्ष्य में प्रेस वार्ता



**आगरा।** श्रीराम सेवा समिति रजि.आगरा द्वारा दो दिवसीय अष्ट्म सामूहिक एकादशी उद्यापन के उपलक्ष्य में रविवार को एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।प्रेस वार्ता के दौरान श्रीराम सेवा समिति के संस्थापक बोबी अग्रवाल (जोनई वाले) व संस्थापिका नीतू अग्रवाल,ने बताया कि समिति द्वारा दो दिवसीय अष्ट्म सामूहिक एकादशा उद्यापन का आयोजन दिनांक ०1- ०2दिसंबर दिन सोमवार व मंगलवार को ईश्वरीराम पंजवानी सिंधी धर्मशाला कपड़ा मंदिर के पीछे बल्केश्वर आगरा पर आयोजित की जा रही है जिसमें यूपी महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान,व अन्य प्रान्तों के लोग उद्यापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो.एस.पी. सिंह बघेल केन्द्रीय राज्य मंत्री-भारत सरकार,राकेश गर्ग अध्यक्ष - उ.प्र लघु उद्योग निगम लि.,नवीन जैन सांसद राज्य सभा,पुरूषोत्तम खण्डेलवाल विधायक, योगेन्द्र उपाध्याय उच्च शिक्षा मंत्री-उत्तर प्रदेश सरकार,एम.एल.सी विजय शिवहरे,हेमलता दिवाकर कुशवाह महापौर आगरा,बेबी रानी मौर्या कैबिनेट मंत्री-उत्तर प्रदेश सरकार, राजकुमार गुप्ता महानगर अध्यक्ष,आदि सम्मिलित होंगे। दो दिवसीय कार्यक्रम में सैया दान,गौदान,गौसेवा हवन,व करीब 71 जोड़े अलग अलग प्रांतों से आकर सामूहिक उद्यापन में भाग लेंगे। जहां पूजा अर्चना,दान पुण्य के विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मुख्य,विशिष्ट अतिथियों का स्वागत सम्मान किया जाएगा। उद्यापन कार्यक्रम पूरे विधि-विधान के संपन्न कराया जा रहा है। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से समिति की संस्थापिका नीतू अग्रवाल,अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता,कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल, महामंत्री संजय श्रीवास्तव,राजा चौधरी अनुज जिंदल,देवेश अग्रवाल, राजीव गर्ग महिला मंडल अध्यक्ष कुमकुम उपाध्याय, कोषाध्यक्ष आयुषी अग्रवाल,रिशु मित्तल, महामंत्री रमा गुप्ता,राखी अग्रवाल,गायत्री गुप्ता, कुसुमलता,शेकी जैन,रेखा सोलंकी, नंदनी अग्रवाल,अनिल एडवोकेट,यश अग्रवाल,मीडिया प्रभारी उमेश अग्रवाल मौजूद रहें।

# बेकाबू डंपर ने मचाई तबाही,वाहन और मकान क्षतिग्रस्त

**आगरा।** बीते शुक्रवार की रात हाथरस रोड पर एक बेकाबू डंपर ने जमकर उत्पात मचाया। तेज रफ्तार डंपर चालक ने देर रात करीब 2 बजे नियंत्रण खो दिया,जिससे वाहन सीधे एक मकान के बाहर बने टीन शेड से जा टकराया।इस हादसे में मकान की बाहरी दीवार, टीन शेड, ऊपर पड़ी चादरें और अन्य सामान क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में मकान के सामने खड़ी मोटर साइकिल और एक्टिवा भी चपेट में आकर टूट गईं। टकराने के बाद डंपर आगे बढ़ते हुए पास के दो अन्य मकानों अवरार उर्फविट्टू तथा सरफराज अली की कास्मेटिक सामग्री की ढेरियों को भी नुकसान हो गया। पीड़ित अंशुल प्रताप सिंह उर्फ गोल्डी, निवासी राधे नगर, टेडी बगिया, ने पूछताछ मे बताया कि डंपर को सुरेंद्र सिंह गुर्जर पुत्र वीरेंद्र सिंह, निवासी धौलपुर (राजस्थान), चला रहा था। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया, जबकि डंपर मौके पर ही खड़ा मिला। प्रभारी ट्रांसयमुना ने बताया कि पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर चालक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर वाहन को सीज किया गया है।

# शिकोहाबाद क्षेत्र में बिना नंबर प्लेट के एक डंपर को और एक ट्रैक्टर को सीज किया



**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद के निर्देशन में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा ट्रक/भारी वाहनों की नंबर प्लेट छुपानेध्छेड़छाड़ करने वाले वाहनों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में आज क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा ०4 भारी वाहनों का का चालान किया गया एवं थाना शिकोहाबाद क्षेत्र में बिना नंबर प्लेट के एक डंपर को और एक ट्रैक्टर को सीज किया गया ।इस अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना, अवैध खननध्परिवहन पर रोक लगाना तथा अपराधों में उपयोग किए जाने वाले संदिग्ध वाहनों की पहचान को प्रभावी बनाना है । इस अभियान के अन्तर्गत पुलिस, यातायात पुलिस एवं संबंधित प्रवर्तन एजेंसियों की संयुक्त टीमों द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों, राज्य मार्गों, टोल प्लाजाओं, बॉर्डर चेकपोस्टों तथा खनन प्रभावित क्षेत्रों में गहन चेकिंग की जा रही है । बिना नंबर प्लेट, फर्जी नंबर प्लेट, धुंधलीध्मुड़ी हुई प्लेट, कपड़ाध्कीचड़ आदि से जानबूझकर ढकी गई प्लेटों वाले ट्रकों के विरुद्ध सख्त प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है ।फिरोजाबाद पुलिस सभी नागरिकों से अपील करती है कि अपनी और दूसरों की सुरक्षा हेतु यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग करें, नशे में वाहन न चलाएं तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करें ।

# डीएम की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्यीय राजनैतिक दलों के साथ की बैठक

**आगरा।** जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्यीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि कल 3० .11.2०25. दिन रविवार को एसआईआर के अंतर्गतष्विशेष अभियान/ संचालित किया जा रहा है। सभी राजनीतिक दलों द्वारा नामित बीएलए कल गणना पत्र संकलन में सक्रिय सहयोग करते हुए मतदाता गणना पत्रों का बीएलओ व सुपरवाइजर से समन्वय कर संकलन में सहयोग करें। कल सभी बीएलओ, सुपरवाइजर सुबह ०8 बजे से डोर टू डोर , घर घर पहुंचेंगे तथा गणना पत्र का संकलन करेंगे। दोपहर ०2 बजे से बूथ पर बैठ कर फार्म संकलन का कार्य करेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि मतदाता अपना गणना पत्र भर कर हस्ताक्षर कर बीएलओ को दे दें, यदि उनके पास 2००3 की मतदाता सूची की जानकारी नहीं है तो उस कॉलम को छोड़ दें, अपना नाम, एपिक नंबरध्मतदाता पहचान पत्र संख्या आदि भरकर,हस्ताक्षर, अंगूठा निशानी कर के कल सुबह तत्काल बीएलओ को दे दें जिससे कि उनका नाम मतदाता ड्राफ्ट में आ जाए,2००3 की मतदाता सूची संबंधी जानकारी बीएलओ द्वारा पूर्ण कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि नगर निगम स्थिति स्मार्ट सिटी ऑफिस में बने गणना पत्र डिजिटाइज सेंटर में लगभग 2०० ऑपरेटर फार्म फीडिंग का शिफ्टवार

# डीएम ने नगर आयुक्त संग एसआईआर विशेष अभियान के तहत पोलिंग सेंटरो का किया निरीक्षण

**आगरा।** जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने सर्व प्रथम विधानसभा आगरा कैंट के सेवला जाट क्षेत्र स्थित सघन आबादी के व्यास इंटर कॉलेज पहुंचे जहां बूथ संख्या 435 से 442 तक कुल 8 बूथ पर उपस्थिति बीएलओ सुपरवाइजर,नोडल अधिकारी आदि से गणना पत्र संकलन,उनके डिजिटाइजेशन की जानकारी ली,उपस्थिति मतदाताओं से संवाद किया,तत्पश्चात जिलाधिकारी ने सघन बस्ती,मोहल्लों में डोर टू डोर संपर्क कर सभी मतदाताओं से गणना पत्र भरकर तत्काल अपने बीएलओ को जमा करने की अपील की,मतदाताओं ने भी जिलाधिकारी से सहजता से संवाद किया और पूर्ण सक्रिय सहयोग की बात की।तत्पश्चात जिलाधिकारी सेवला सराय स्थिति टैगोर पब्लिक स्कूल पहुंचे जहां मतदान केन्द्र पर चलाए जा रहे विशेष अभियान में बड़ी संख्या में मतदाता अपना गणना पत्र जमा कराने उपस्थित थे,यहां बूथ 443 से 452 तक में कुल गणना पत्र का वितरण,संकलन तथा डिजिटाइजेशन की जानकारी ली तथा बीएलओ,सुपरवाइजर व नोडल अधिकारी को डोर टू डोर संपर्क करने, अलाउंस कराने तथा सभी संकलित गणना पत्रों को डिजिटाइजेशन सेंटर पर डिजिटाइज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कांसीराम इंटर कॉलेज,कोटली बगीची,देवरी रोड,सहित शहरी विधानसभाओं के विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर सभी मतदाताओं से अपील की कि वे अपना गणना पत्र भर कर बीएलओ को वापस कर दें,जिससे कि उनका नाम मतदाता सूची ड्राफ्ट में शामिल हो सके।

# ब्रज योगा पार्क में मनाया भव्य सनातन धर्म उत्सव

**आगरा।** ब्रज योगा पार्क ट्रांस यमुना कॉलोनी आगरा में योगा की नि:शुल्क कक्षाएं आयोजित की जा रही हैं।

जिसमें इस कक्षा के 16 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में योगी भाई बहिनों को 51 सुंदरकांड का वितरण भगवान रामजी की कृपा से सनातन धर्म को ऊंचाइयों पर अग्रसर होने हेतु किया गया। जिसमें मुख्य रूप से लोकेश गुप्ता योगाचार्य, श्याम किशोर शर्मा विश्व हिंदू परिषद ब्रज प्रांत, अमित बंसल, कालीचरण त्यागी, राजेश, राममोहन, धर्मेंद्र, प्रभात, अजय, राखी शर्मा, मंजू, अंजू, वाणी, अर्चना, लक्ष्मी, रेखा, सीमा, रानी, आदि मौजूद रहे।

# महिला सिपाही की मौत पर परिजनों का आरोप



**आगरा।** महिला सिपाही की मौत के मामले में परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि हेमलता चचेरी बहन की शादी में शामिल होने के लिए छुट्टी लेकर घर आने वाली थी। इससे पहले ही उसकी मौत की खबर आ गई। शादी वाले घर में खुशियां मातम में बदल गईं। अलीगढ़ के थाना रोरावर में तैनात कागारौल क्षेत्र के गांव बेमन निवासी महिला सिपाही हेमलता (28वर्ष) पुत्री करमवीर की शनिवार को संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद गमगीन माहौल में महिला सिपाही के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। पिता करमवीर ने बेटी को मुखाग्नि दी। मृतका हेमलता के पिता करमवीर और भाई उपेंद्र ने हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। भाई ने बताया कि हेमलता 216 में पुलिस विभाग में भर्ती हुई थी। परिवार में सबसे छोटी होने के कारण वह सभी की लाडली और चहेती थी। भाई ने बताया कि हेमलता कि आत्महत्या नहीं हत्या है। भाई ने बताया कि रस्सी का एक सिरा हेमलता के गले में बंधा हुआ था व दूसरा सिरा छत पर लगे जाल में बंधा हुआ था। हेमलता जमीन पर पैर आगे करके बैठी हुई थी। पिता करमवीर ने बताया कि शनिवार दोपहर लगभग 12 बजे उनकी हेमलता से आखिरी बार फोन पर बात हुई थी। हेमलता अपने चाचा की बेटी की शादी में शामिल होने के लिए छुट्टी लेकर घर आने वाली थी। बातचीत के दौरान उसने बताया था, शपापा, छुट्टी मिल गई है3 मैं घर आ रही हूंश। कुछ घंटे बाद ही उसकी मौत की सूचना मिलने से परिवार स्तब्ध रह गया।

# हेलमेट वितरण कर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया



**फिरोजाबाद।** यातायात माह में यातायात एवं जनपद पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कड़ी कार्यवाही करते हुए कुल 2० ,653 चालान ध् सीज की कार्रवाई की गई ।यातायात पुलिस ने पूरे माह स्कूलों एवं कॉलेजों में व्यापक सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया । इस अभियान के तहत हजारों छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग, ओवर स्पीडिंग से बचाव, मोबाइल फोन का उपयोग न करने तथा पैदल यात्रियों की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई । अभियान के दौरान भारी वाहन चालकों, ऑटो ई रिक्शा चालकों, श्रमिक वर्ग व आने-जाने वाले लोगों को नुक्कड़ सभाएं कर लगातार यातायात माह में व्यापक रूप से जागरूक किया गया ।फिरोजाबाद पुलिस सभी नागरिकों से अपील करती है कि अपनी और दूसरों की सुरक्षा हेतु यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग करें, नशे में वाहन न चलाएं तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करें ।

# पड़ोसी युवक से परेशान युवती ने की पुलिस से शिकायत

**आगरा।** ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र की निवासी एक युवती ने पड़ोस के ही युवक पर छेड़छाड़, पीछा करने और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

पीड़िता द्वारा की गई शिकायत में बताया कि नगला किशन लाल, कालिंदी विहार निवासी राहुल उर्फ रतन दीप काफी समय से उसका पीछा कर लगातार छेड़छाड़ कर रहा है। विरोध करने पर युवक गाली-गलौज और मारपीट करता है तथा शादी न होने देने की धमकी देता है। प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जाँच की जा रही है।

# पुलिस टीम द्वारा विशेष अभियान चलाकर अवैध छुरा व तमंचा रखने वाले अभियुक्तगण गिरफ्तार




**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे जनपद में चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में रात्रि मे थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा विशेष अभियान चलाकर अवैध छुरा व तमंचा रखने वाले ०5 नफर अभियुक्तगण को अलग अलग स्थान से गिरफ्तार किया गया है । जिसमे अभियुक्त अशोक पुत्र पुरन सिंह निवासी बौध आश्रम थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद उम्र करीब 56 वर्ष को वकीलपुरा मण्डी में राजा ट्रान्सपोर्ट के पास से अवैध छुरा के साध गिरफ्तार किया गया है जिसके आधार पर मु०अ०सं० 543/25 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है । अभियुक्त अशोक पुत्र रामसहाय निवासी अम्बेडकर पार्क सैलई थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद उम्र करीब 55 वर्ष को नीबू वाला बाग के पास से अवैध छुरा के साथ गिरफ्तार किया गया है जिसके आधार पर मु०अ०सं० 544/25 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है । अभियुक्त सुबोध कुमार पुत्र भारत सिह निवासी सब्जी मण्डी के पास नाले की पुलिया गली न० 2 हिमायूपुर थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद उम्र करीब 42 वर्ष को डाकबंगला के पास से अवैध छुरा के साथ गिरफ्तार किया गया है जिसके आधार पर मु०अ०सं० 545/25 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है । अभियुक्त विनोद पुत्र सूरजपाल निवासी टापा कला थाना उत्तर फिरोजाबाद उम्र करीब 48 वर्ष को रेलवे लाईन के किनारे बृहत गाँव खंजापुर से एक अदद देशी नाजायज तमंचा 315 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है जिसके आधार पर मु०अ०सं० 546/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गयाहै । अभियुक्त सुरेश पुत्र बाबू राम निवासी सत्यनगर टापा कला थाना उत्तर फिरोजाबाद उम्र करीब 58 वर्ष को लालपुर मण्डी के पास से अवैध छुरा के साध गिरफ्तार किया गया है जिसके आधार पर मु०अ०सं० 547/25 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है । अभियुक्तगण के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

# कार ने रौंदे बाइक सवार, दो युवकों की मौत, परिवार में मची चीखपुकार

**मैनपुरी ।** मैनपुरी में सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक घर लौट रहे थे, रास्ते में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवारों को रौंद दिया। घटना से परिवार में चीखपुकार मच गई। मैनपुरी के बेवर में रविवार सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। कार ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में घायल दो युवकों की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सकत बेवर निवासी सुमित और अरूण बाइक से मदनपुर से घर की ओर लौट रहे थे। रास्ते में बरेली-ग्वालियर हाइवे पर ग्राम दहेड़ के सामने सुबह करीब 11 बजे कार ने बाइक सवारों को रौंद दिया। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। दोनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी भेजा, जहां से हालत गंभीर होने पर मैनपुरी जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

# पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध वाहन व्यक्ति चौकिंग अभियान के दौरान अभियुक्त गिरफ्तार



**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा ०1 नफर अभियुक्त अतर सिंह पुत्र दशरथ सिंह निवासी ग्राम हरदोई थाना सैफई जिला इटावा उम्र करीब 3० वर्ष को पेमेश्वर गेट से पहले मोड के पास गोवर्धन की ठार को जाने वाले कच्चे रास्ते से मय ०1 अदद तमंचा नाजायज 12 बोर व ०1 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर व चोरी की हुई एक अदद मो०सा० टीवीएस अपाचे नम्वर यूपी बी जे 8156 सम्वन्धित मु०अ०स०-12००/2०25 धारा 3०3(2)/317(2) बीएनएस के किया गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त से नाजायज तमंचा व कारतूस की बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु०अ०सं० 1321/2०25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम अतर सिह उपरोक्त पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है । उक्त बरामद शुदा मो०सा० के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि थाना स्थानीय पर दिनाँक- 22/1०/2००25 को वादी राज कुमार गुप्ता पुत्र विमल प्रकाश गुप्ता निवासी श्याम नगर गली नं० 5 थाना लाइन पार जनपद फिरोजाबाद द्वारा अपनी मो०सा० उपरोक्त को अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले जाने के सम्वन्ध में मु०अ०स०-12००६2०25 धारा 3०2(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत कराया था।

# बगरैन में अधेड़ की टैंकर से कुचलकर दर्दनाक मौत

### जिस टैंकर में बैठकर आया अधेड़ उसकी टैंकर ने कुचल दिया



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बगरैन।** रविवार सुबह कस्बा बगरैन में एक हृदयविदारक हादसा हुआ, जिसमें 55 वर्षीय व्यक्ति की ट्रक की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई। यह पूरी घटना पास ही लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। हादसा आंवला-बिसौली मार्ग पर स्थित गौरी शंकर इंटर कॉलेज के सामने करीब सुबह 9 बजे के आसपास हुआ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मृतक वाहिद पुत्र अब्दुल साहिद हाल ही में रुके डीजल टैंकर से नीचे उतरे ही थे कि कुछ ही सेकंड बाद चालक ने टैंकर बढ़ा दिया और पहिया सीधे वाहिद के ऊपर से गुजर गया। हादसा इतनी तेजी से हुआ कि मौके पर मौजूद लोग कुछ समझ पाते उससे पहले ही उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने ट्रक को दौड़ाकर पकड़ लिया, लेकिन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची बगरैन पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस के अनुसार मृतक के पास मिले मोबाइल फोन की सिम को दूसरे फोन में डालकर उसमें सेव नंबरों पर संपर्क किया गया, जिसके आधार पर उसकी पहचान 55 वर्षीय वाहिद निवासी मनौना, थाना आंवला, जनपद बरेली के रूप में हुई। वह रविवार सुबह मनौना से हाथ में तेल की कैन लेकर बगरैन के लिए निकले थे। बताया गया कि बगरैन में उनके दामाद का घर है और वह वहीं आने के लिए निकले थे।

वाहिद के पांच पुत्र- जाहिद, साहिद, ताहिर, वारिस और नाजिम साथ ही एक पुत्री फरिद है। सभी बेटे बाहर रहकर जीविकोपार्जन करते हैं। घटना की सूचना पर उनका भतीजा मौके पर पहुंचा और अग्रिम कार्रवाई की। पुलिस चौकी प्रभारी बगरैन प्रवीण चौहान ने बताया कि सीसीटीवी फटेज को खंगाला जा रहा है। ट्रक चालक की तलाश की जा रही है तथा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। हादसे से गांव और कस्बे में शोक की लहर है तथा लोग चालक की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

### कलेक्ट्रेट पर सामूहिक विवाह कार्यक्रम हुआ आयोजित

**सम्भल।** शासन की महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत बड़ा मैदान निकट कलक्ट्रेट परिसर बहजोई में प्रात: 1० बजे से सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद के प्रभारी मंत्री राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार) होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा उत्तर प्रदेश धर्मवीर प्रजापति एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव तथा भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू तथा पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव, पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी, माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री आदि मौजूद रहे।

# सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश प्रजापति ने किया बूथों का व्यापक निरीक्षण

**अमर भास्कर, संवाददाता**



**बिसौली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश प्रजापति ने रविवार को क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक बूथों का दौरा कर बूथ प्रभारियों के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बूथ स्तर पर चल रहे प्रपत्र वितरण एवं अपलोडिंग कार्य की विस्तार से जानकारी ली और प्रभारियों को समयबद्ध तरीके से सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

डॉ. प्रजापति ने बूथ प्रभारियों से कहा कि वह यह सुनिश्चित करें कि कितने प्रपत्र वितरित किए गए, कितने भरे हुए वापस प्राप्त हुए और कितनों को ऑनलाइन अपलोड कर दिया गया, इसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार करके पार्टी कार्यालय को उपलब्ध कराएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक बूथ पर कार्य निर्धारित समय के अंदर पूरा होना चाहिए।

उन्होंने सेक्टर प्रभारी और जोन प्रभारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया कि पात्र लोगों के नाम वोट सूची से कटने न पाएँ। इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को सतर्कता के साथ कार्य करना होगा। डॉ. प्रजापति ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि वह अपने पहचान संबंधी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर सपा कार्यकर्ताओं, बीएलए या संबंधित बूथ के बीएलओ के माध्यम से फॉर्म भरवाकर समय से जमा करें, ताकि उनके वोट सुरक्षित रह सकें और किसी प्रकार की त्रुटि न हो। दौरे के दौरान उनके साथ धर्मपाल, सेक्टर प्रभारी शिवम यादव, जोन प्रभारी कल्याण सिंह सहित सपा के अन्य स्थानीय पदाधिकारी भी मौजूद रहे। उनके आगमन से कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया और सभी ने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का संकल्प दोहराया।

## सार-संक्षेप

### तेज रफ्तार स्लीपर बस ने दो लोडर वाहनों को मारी टक्कर, एक के चालक की मौत

**बदायूं।** बरेली हाईवे पर गांव घटपुरी के निकट गंगा एक्सप्रेसवे पुल के पास रविवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। राजस्थान नंबर की तेज रफ्तार निजी स्लीपर बस ने आगे चल रहे दो लोडर वाहनों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि एक वाहन के चालक की मौके पर मौत हो गई। दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। चार जानवरों की भी मौत हो गई। कासगंज जनपद के ग्राम गंगसारा निवासी खिलाड़ी अपने पुत्र गौरव (18) के साथ नौ सुअरों को लेकर लोडर से बरेली के देवचरा बाजार जा रहा था। उसके ही पीछे बर्फ से भरा एक अन्य लोडर वाहन बिनावर की ओर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही राजस्थान की निजी बस ने दोनों वाहनों को एक साथ पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों वाहन सड़क पर पलटकर क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में लोडर चालक चंद्र किशोर (5० वर्ष) निवासी गंगसारा कासगंज की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि खिलाड़ी (6०) और उनका पुत्र गौरव घायल हो गए। दोनों को पुलिस ने एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा, जहां उनका उपचार चल रहा है। वहीं चार जानवरों की मौत हो गई, जबकि पांच घायल हो गए। टक्कर के बाद बस चालक और परिचालक वाहन छोड़कर मौके से भाग गए। जब पुलिस पहुंची तो बस में कोई यात्री भी नहीं मिला। हादसे के बाद हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों व मृत जानवरों को सड़क किनारे हटवाकर यातायात सामान्य कराया। पुलिस ने बस के चालक-परिचालक की तलाश शुरू कर दी है।

### तराई किसान यूनियन संगठन ने ईओ को फूलमाला पहनकर किया सम्मानित

**संभल।** रविवार को चौधरी सराय चौराहे पर तराई किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका अध्यक्ष पति मुशीर खान अधिशासी अधिकारी मणि शंकर भूषण संभल फूल माला पहना कर सम्मानित किया आपको बता दें कि संभल में चौधरी सराय चौराहे पर तिरंगा झंडा लगवाए जाने पर चक्की का पाठ बनवाए जाने पर तराई किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने सभी प्रशासनिक अधिकारियों का आभार व्यक्त किया इस दौरान शामिल रहे रफीक प्रदेश मुख्य सचिव प्रदेश उपाध्यक्ष अब्बास खान अबरार किदवई नदीम किदवई हाजी जरार हाजी सदाकत नवीन प्रजापत मोहर सिंह यादव शब्बू खान एजाज खान खुर्शीद खान हाजी आसिफ अब्बासी शामिल रहे।

### भाजपा नेता उमेश चंद्र दिवाकर ने जय श्री श्याम गारमेन्स की दुकान का किया उद्घाटन

**संभल।** 31 विधानसभा चंदौसी क्षेत्र में नगर चंदौसी में तहसील के पास कपिल राजोरिया ने एक नई रेडिमेट कपड़ों की दुकान जय श्री श्याम गारमेन्स जिसका का उद्घाटन प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी अनुसूचित मोर्चा भारतीय जनता पार्टी उमेश चंद्र दिवाकर ने किया। उन्होंने कहा कि शुभ कार्य में कैंची चलाना गलत है आप फीते में गांठ लगा दो में उसे खोलूंगा। अगर किसी के आपसी रिश्ते में गांठ हो तो वो भी खोल दे बाद में कहा कि जो भी भाई आए है वो कुछ न कुछ जरूर ले। जिससे कपिल राजोरिया का उत्साह बड़े । उमेश चंद्र दिवाकर 31 विधानसभा क्षेत्र चंदौसी के संभावित प्रत्याशी ने भी कहे रहे थे जो व्यक्ति यहां आया है आपने मिलने वाले दो व्यक्ति को जय श्री श्याम गारमेन्स के बारे में बताए। जिससे प्रचार भी हो। बाद में उमेश चंद्र दिवाकर ने कुछ लेकर शुरुआत की और ईश्वर से कामना की कपिल भाई का काम बहुत अच्छा चले।

### यातायात जागरूकता माह का हुआ समापन

**संभल।** पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार के कुशल निर्देशन में पुलिस लाइन, संभल स्थित सभागार में यातायात जागरूकता माह (नवम्बर 2०25) के समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी यातायात, होमगार्ड कमांडेंट संभल तथा प्रभारी यातायात की गरिमामयी उपस्थिति रही। यातायात माह के दौरान विभिन्न विद्यालयों में आयोजित निबंध, पोस्टर एवं क्विज प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मंच पर बुलाकर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सर्वाधिक चालान करने वाले यातायात कर्मियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। जनपद में यातायात सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं लोगों को जागरूक करने हेतु हेलमेट वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसके अंतर्गत जरूरतमंद व्यक्तियों को हेलमेट प्रदान किए गए।

### कर्मचारी से लूटी गई रकम का किया खुलासा

**संभल।** रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी कार्यालय संभल पर शराब की दुकानों के कर्मचारी से लूटी गई रकम का प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एक बहुत बड़ा खुलासा किया है जिसमें एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देशन पर संभल पुलिस को निर्देशित किया गया था कि इस लूटी गई रकम का जल्द से जल्द खुलासा करने को टीम बनाई थी।

# पुलिस टीम पर हमला करने वाला आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**अमर भास्कर, संवाददाता**



**बरेली।** के आंवला थाना क्षेत्र में पुलिस ने शनिवार देर रात गोकशी के वांछित आरोपी को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। मुठभेड़ के दौरान उसके पैर में गोली लगी है। घायल आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोपी बदायूं के बिनावर थाना क्षेत्र के निजामपुर पस्तौर का रहने वाला मेहरबान उर्फ लुक्का है। उसका साथी नाजिम अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया।

सीओ आंवला नितिन कुमार ने बताया कि पुलिस टीम शनिवार रात चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ दिन पूर्व थाना क्षेत्र में हुई गोकशी की घटना के आरोपी दोबारा सक्रिय हो गए हैं। दो आरोपी बिना नंबर प्लेट की बाइक से वजीरगंज की ओर से आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने गांव मनौना की ओर जाने वाले मार्ग पर घेराबंदी कर ली।

सीओ के मुताबिक बाइक सवारों ने पुलिस टीम को देखकर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ में आरोपी मेहरबान उर्फ लुक्का गोली लगने से घायल हो गया। उसका साथी नाजिम मौके से भाग गया। घायल आरोपी को अस्पताल भेजा गया। आरोपी से तमंचा, कारतूस, एक छुरा, तीन रस्सियां व बाइक बरामद हुई है। पुलिस नाजिम की तलाश कर रही है।

# पुलिस लाइन में सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक विदाई

**अमर भास्कर, संवाददाता**



**बदायूं।** पुलिस लाइन में शनिवार को अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित कर भावपूर्ण विदाई दी गई। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. हृदेश कठेरिया ने सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों को शॉल, पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

आज सेवानिवृत्त होने वालों में उ०नि० स०पु० रामरूप सिंह, उ०नि० ना०पु० रामानंद गिरी, उ०नि० ना०पु० आनंद मोहन, मु०आरक्षी ना०पु० कुंवरपाल सिंह, उर्दू अनुवादक जाहिद हुसैन और अनुचर वीरपाल शामिल रहे। कार्यक्रम पुलिस लाइन सभागार में आयोजित किया गया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों का परिचय वाचन किया और पुलिस परिवार की ओर से उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में की गई उनकी सेवाएं सदैव याद रखी जाएंगी। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी लाइन/उझानी डॉ. देवेंद्र कुमार, पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन भी उपस्थित रहे। विदाई समारोह का माहौल भावुक और सम्मानपूर्ण रहा।

# सैदपुर में आर.टी.एम. सोसाइटी ने बढ़ाया संगठन का दायरा



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**सैदपुर।** आर.टी.एम. सोसाइटी फॉर सोशल डेवलपमेंट ने शनिवार को सैदपुर नगर पंचायत में संगठन विस्तार कार्यक्रम आयोजित किया। स्थानीय नागरिकों ने टीम का उत्साहपूर्वक स्वागत कर कार्यक्रम को प्रेरणादायक और सफल बनाया।

कार्यक्रम में सैदपुर नगर पंचायत के चेयरमैन इशरत अली खान सहित आजम हुसैन, डॉ. इमरान, मुजीब खान, सदफ अली, रिजवान खान, रजा हुसैन, मुनीर उद्दीन, रिजवान नूरी और खालिद खान जैसे प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे। सभी ने आर.टी.एम. सोसाइटी के साथ मिलकर समाजहित में कार्य करने की शपथ ली तथा जरूरतमंदों की सहायता और सामाजिक जागरूकता बढ़ाने के लिए सहयोग का संकल्प लिया।

इस अवसर पर समाजसेवी आजम हुसैन को सैदपुर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी सौंपी गई। वह लंबे समय से जनसेवा में सक्रिय रहे हैं और विभिन्न सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं।

कार्यक्रम में आर.टी.एम. सोसाइटी की डायरेक्टर रिदा खान के साथ मुशीर अली, रफ्त खान, नीशू खान और जमशेद खान भी मौजूद रहे। टीम ने सैदपुर पहुँचकर स्थानीय लोगों को संगठन का हिस्सा बनाया और सम्मानपूर्वक उनका स्वागत किया। सोसाइटी के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आर.टी.एम. सोसाइटी पूर्णत: गैर-राजनीतिक संगठन है, जिसका उद्देश्य समाज सेवा, जागरूकता फैलाना और जरूरतमंदों तक सहायता पहुँचाना है। संगठन का लक्ष्य समाज के हर वर्ग तक विकास, जागरूकता और सहायता संबंधित गतिविधियों को पहुँचाना है। सैदपुर में आयोजित यह कार्यक्रम सोसाइटी के इसी मिशन को और मजबूत करता है।

# राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल ने प्रदीप त्यागी को बनाया जिला मंत्री

**अमर भास्कर ब्यूरो**



**संभल।** रविवार को राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल के कार्यकर्ताओं ने संगठन विस्तार को लेकर ग्राम पंचायत चकूनी में एक बैठक का आयोजन किया जिसमें राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीकान्त त्यागी के दिशा निर्देशन में जिला अध्यक्ष डॉक्टर बिशोक त्यागी द्वारा प्रदीप त्यागी निवासी चकूनी तहसील व जनपद संभल को जिला मंत्री संभल मनोनीत किया गया उसके बाद पार्टी के समस्त पदाधिकारियों की तरफसे नवीन दायित्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी और एक दूसरे को फूल माला पहनाकर खुशी मनाई जिसमें राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल के जिला अध्यक्ष डॉक्टर बिषोक त्यागी ने कहा कि आप अपने प्रयासों से पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुँचाने व पार्टी को शक्तिशाली, प्रभावशाली एवं सुगठित करने में सहायता प्रदान करेंगे इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉक्टर बिशोक त्यागी मनोज त्यागी सतीश त्यागी शूरवीर त्यागी आयुष्मान भारद्वाज रोहित प्रदीप त्यागी अनिल त्यागी कुमारपाल त्यागी विपिन नितिन आयुष्मान आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों को विश्वभर में मिला सम्मान

## स्थानीय के लिए स्वदेशी को बढ़ावा देना हम सभी का दायित्व: राजीव कुमार

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** मन की बात के 128वें संस्करण को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी संबोधन को भाजपा कार्यालय पर बूथ संख्या पर -179 पर जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कार्यकर्ताओं के साथ सुना किया तथा जनपद में जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा अपने अपने प्रवास बूथ पर कार्यक्रम को सुना। इसके उपरांत मतदाता गहन पुनिरक्षण अभियान के अंतर्गत बूथों पर प्रवासियों ने अपने-अपने बूथ पर अभियान को गति देने हेतु महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सक्रिय रूप से कार्य किया।

जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा पर्यटन विकास, नई गृह-आवास नीति तथा हिमालयी क्षेत्रों में बढ़ते शीतकालीन पर्यटन पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किया गया उल्लेख स्थानीय स्तर पर नए रोजगार और आजीविका के अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि इन नेशनल प्रयासों को हमें अपने क्षेत्र में भी आगे बढ़ाना है, ताकि युवाओं और स्थानीय नागरिकों को सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने कहा भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों को विश्वभर में मिले सम्मान यह प्रत्येक भारतीय के लिए अत्यंत गर्व का विषय है और भारत की सांस्कृतिक शक्ति का उज्ज्वल उदाहरण भी। साथ ही कहा स्थानीय के लिए स्वदेशी की भावना जैसे भारतीय वस्तुओं, स्थानीय उत्पादों और कारीगरों की कला को



प्रोत्साहन देना हम सभी का दायित्व है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा विदेशी नेताओं को भारतीय शिल्पकला से निर्मित उपहार प्रदान करना सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए गौरवपूर्ण है। साथ ही उन्होंने कहा महिला क्रिकेट टीम, ओलंपिक तथा अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारतीय खिलाड़ियों की ऐतिहासिक सफ्लताएँ युवाओं में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार करती हैं। स्थानीय स्तर पर भी खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने कहा चंद्रयान सिर्फ एक वैज्ञानिक मिशन नहीं, बल्कि भारत के सपनों और संकल्पों की उड़ान है। चंद्रयान-2 की असफलता के बाद हमारे वैज्ञानिकों ने हार नहीं मानी, बल्कि उसी क्षण चंद्रयान-3 की सफलता की कहानी लिखनी शुरू कर दी। यही भारत की असली ताकत है, असफलता से सीखकर सफ्लता रचना। जब चंद्रयान-3 ने चंद्रमा पर सफल लैंडिंग की, तो वह सिर्फ इसरो की जीत नहीं थी, वह 14० करोड़ भारतीयों के आत्मविश्वास की जीत थी। इस अवसर पर मण्डल महामंत्री रचित साहू, मण्डल मंत्री दीपक सक्सेना, मण्डल उपाध्यक्ष राना शमीम, बूथ अध्यक्ष सलीम खान, के.एल गुप्ता, मुजाहिर खान, राज प्रताप सिंह, डी.वी सिंह पटेल आदि कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### अज्ञात चोरों ने एक बार फिर मंदिर को बनाया निशाना

**संभल।** चंदौसी थाना बनियाठेर के क्षेत्र अंतर्गत गांव गुंमथल गांव में चोरों का कहर इस कदर है कि एक ही मंदिर में चोरों ने तीन बार चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दे डाली है जबकि शनिवार की रात्रि भी अज्ञात चोरों ने घंटे तथा अन्य सामान चोरी कर मौके से फरार हो गए। घटना शनिवार रात्रि की है जहां पर मंदिर पर मंदिर के पुजारी ने जानकारी में बताया कि वह शाम मंदिर का कपाट बंद करके ताला लगा करके गया था तभी जब सुबह मंदिर की साफ-सफाई एवं पूजा अर्चना करने पहुंचा तो मंदिर के कपाट का ताला टूटा पड़ा था।

## संपादकीय

# बेलगाम होती भाषाई अराजकता



इसे विडंबना ही कहेंगे कि जब भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है और विकसित भारत की बातें हो रही हैं, तब देश के कुछ हिस्सों में भाषाई अराजकता बेलगाम हो रही है। मान्यता है कि शिक्षा और समृद्धि के साथ असमानता और संकीर्णता का भाव तिरोहित हो जाता है, लेकिन अपेक्षाकृत समृद्ध और शिक्षित महाराष्ट्र, कर्नाटक और तमिलनाडु में जिस तरह भाषाई असहिष्णुता फैल रही है, उससे यह मान्यता गलत साबित होती दिख रही है। ताजा मामला महाराष्ट्र के कल्याण का है, जहां एक नौजवान ने इसलिए अपनी जीवनलीला खत्म कर ली, क्योंकि उसे हिंदी बोलने के लिए अपमानित किया गया। लोकल ट्रेन से कालेज जाते वक्त सहयात्री से संवाद के लिए हिंदी के कुछ लफ्जों का इस्तेमाल कुछ मराठीभाषियों को इतना नागवार गुजरा, उन्होंने उस पर थप्पड़ों की बारिश कर दी। इससे आहत नौजवान ने घर लौटकर आत्महत्या कर ली। यह नौजवान मराठीभाषी ही था।

क्या हिंदी बोलना इतना बड़ा गुनाह हो गया कि किसी को सरेआम अपमानित किया जाए, पीटा जाए। इस आघातकारी मामले में राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों की चुप्पी समस्या बनकर उभर रही है। ये संगठन भूल जाते हैं कि राष्ट्र को एकता के सूत्र में बांधने की हिंदी की क्षमता जिन लोगों ने पहचानी, उनमें गुजराती भाषी महात्मा गांधी एवं नर्मदाशंकर उपाध्याय, बांग्लाभाषी केशवचंद्र सेन एवं सुभाष चंद्र बोस और मराठा लोकमान्य तिलक जैसे अनेक अहिंदी भाषी थे। इन्होंने हिंदी को राष्ट्रभाषा और राजभाषा बनाने का सपना देखा था। राजनीतिक कुचक्रों के चलते हिंदी राष्ट्रभाषा के स्थान पर आसीन नहीं हो सकी, लेकिन उसकी सामर्थ्य किसी से छिपी नहीं।

कई क्षेत्रीय राजनीतिक ताकतें हिंदी से भयाक्रांत हैं, जबकि हिंदी के विस्तार के पीछे राजभाषा की ताकत नहीं, बल्कि उसका अभिव्यक्ति का सशक्त जरिया बनना है। चूंकि हिंदी भारतीय भाषाओं के बीच सहज संवाद की क्षमता से युक्त है, इसलिए संकीर्णता से ग्रस्त क्षेत्रीय सियासी ताकतें उससे डरती हैं। हिंदी के जरिये उन्हें अपनी सियासी अस्मिता खतरे में नजर आती है। इसीलिए ये ताकतें हिंदीभाषियों को निशाना बनाती हैं। इसमें सबसे आगे राज ठाकरे और उनकी पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना है। राज जब-जब हाशिए की ओर जाते दिखते हैं, भाषाई अराजकता उनका हथियार बन जाती है।

अव्वल तो आजादी के 75 सालों में भारतीय अस्मिता की बात होनी चाहिए, लेकिन मौजूदा राजनीति ने उपराष्ट्रीयताओं के साथ बांग्ला, मराठी, कन्नड़, तमिल जैसी खंडित अवधारणाएं प्रस्तुत कर दी हैं। क्षेत्रीय राजनीतिक ताकतों के लिए इन दिनों अपनी भाषा का सवाल उठाना चुनावी सफलता की गारंटी माना जाने लगा है। महाराष्ट्र की राजनीति में अस्तित्व के संकट से जूझ रहे ठाकरे बंधु राज ठाकरे और उद्धव साथ आ चुके हैं। बाला साहेब के सियासी उत्तराधिकारी माने जाते रहे राज को खास सियासी कामयाबी नहीं मिली।

लिहाजा राजनीतिक रूप से खुद को प्रासंगिक बनाए रखने के लिए उनके हाथ में एक ही औजार है, मराठी के नाम पर गैर मराठीभाषियों को प्रताड़ित करना। राज ऐसा करके बाला साहेब की विरासत को आगे बढ़ाने का भ्रम पाले हैं। सवाल उठता है कि जिस हिंदी सिनेमा के लिए मुंबई जानी जाती है, राज ठाकरे और उनके लोग उस बालीवुड को क्यों नहीं मुंबई से खदेड़ देते? बालीवुड महाराष्ट्र की न सिर्फ वैश्विक पहचान है, बल्कि रोजी-रोटी के साथ ही टैक्स का बड़ा जरिया भी है। राज ठाकरे की मराठी अस्मिता की वीरता कमजोर हिंदीभाषियों पर ही फूटती है। भाषाई अराजकता के पीछे स्थानीय भाषाई स्वाभिमान से ज्यादा सियासी नाकामी से उपजी कुंठा है। बाल ठाकरे की राजनीति का उभार पहले दक्षिण भारतीय लोगों के विरोध की बुनियाद पर हुआ। उनकी विरासत से वंचित राज ठाकरे को खुद को स्थापित करने के लिए पुराना हथकंडा ही नजर आया। महाराष्ट्र की तर्ज पर कर्नाटक में भी भाषाई अराजकता को बढ़ावा देने की कोशिश होती रहती है। तमिलनाडु में भाषाई अराजकता की नींव तो 1913 में ही पड़ गई थी, जब कथित ब्राह्मणवाद और उत्तर भारत विरोध के नाम पर जस्टिस पार्टी की स्थापना हुई।

अमर भास्कर
( हिन्दी दैनिक समाचार पत्र )
- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- संरक्षक : सुरेश प्रसाद शर्मा
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव
- सह-संपादक : मोहम्मद राशिद
- उप संपादक : जहाँगीर भारती

हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।
**-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर***

अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-

**अमर भास्कर कार्यालय**
**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं ( उ.प्र. )।**
**पिन कोड-243601**
***Email- amarbhashkar21@gmail.com***
***Whatsapp. No. 9411214614***

# नए श्रम सुधार से अर्थव्यवस्था को मिलेगा बूस्ट



चार नई श्रम संहिताओं पर अमल समय की मांग को पूरी करने वाली एक बड़ी पहल है। इससे पहले की व्यवस्था में नियोक्ताओं को वेतन, कार्य स्थितियों और रोजगार श्रेणियों को असंगत तरीकों से परिभाषित करने वाले 29 अलग-अलग कानूनों का पालन करना पड़ता था। उनके स्थान पर नई संहिताओं में कानूनों को सुगम बनाया गया है। ये संहिताएं राज्यों में समान परिभाषाएं, सभी श्रमिकों के लिए लिखित नियुक्ति पत्र, समय पर वेतन भुगतान के लिए स्पष्ट नियम, गिग-प्लेटफार्म श्रमिकों की मान्यता, अद्यतन स्वास्थ्य और सुरक्षा मानकों के साथ ही एक सरल राष्ट्रीय अनुपालन संरचना की रूपरेखा तैयार करती हैं।

पुरानी व्यवस्था में अस्पष्ट परिभाषाएं, सीमाओं में दखल और राज्यों के स्तर पर भिन्नताओं से कंपनियों को तमाम अनिश्चितताओं का सामना करना पड़ता था। किसी राज्य में प्रवेश से पहले कंपनी के समक्ष नए सिरे से अनुपालन की सिरदर्दी बढ़ जाती थी। इसके चलते विनिर्माण और लाजिस्टिक्स कंपनियों का विस्तार सीमित ही रहा। नई संहिताओं में अनिश्चितताओं को दूर किया गया है। स्पष्ट एवं एकसमान परिभाषाएं, पंजीकरण और रिटर्न की एकल प्रणाली, विस्तार के लिए नियामकीय परिदृश्य में सुसंगति इनके मूल में हैं।

ये सुधार कारोबारी सुगमता बढ़ाते हैं। स्मरण रहे कि किसी देश की नियामकीय गुणवत्ता केवल सुधारों से ही नहीं, बल्कि नियमों के पूर्वानुमान से भी आंकी जाती है। जब कंपनियां कानूनी जटिलताओं से मुक्त होकर अपनी जिम्मेदारियों को समझती हैं तो अनुपालन भी आसान एवं नियमित हो जाता है। तब निवेश निर्णय से लेकर सब्सिडी को लक्षित करना कही बेहतर हो जाता है। जोखिम घटने से काराबोरी परिवेश के प्रति भरोसा बढ़ता है।

आर्थिक दृष्टिकोण से यह परिवर्तन औपचारिक या संगठित रोजगारों को प्रोत्साहन देता है। नियुक्ति पत्र, स्पष्ट वेतन दायित्व और समन्वित श्रेणियां उन अनिश्चितताओं को दूर करती हैं, जो पहले अनौपचारिक रोजगारों को जारी रखने की गुंजाइश देती थीं। याद रहे कि रोजगारों की औपचारिक प्रवृत्ति उत्पादन को बढ़ाने में भी सहायक बनती है। दस्तावेजीय अनुबंध और वेतन चक्र को लेकर सुनिश्चित होने से श्रमिक न केवल अधिक समय तक कार्य करने को लेकर तैयार रहते हैं, बल्कि नए कौशल सीखने के प्रति तत्पर होकर अपनी कुशलता बढ़ाने को भी प्रेरित होते हैं। अंततरू इसका लाभ कंपनियों के लिए कार्यबल की क्षमताओं में सुधार और समग्र परिणामों में प्रत्यक्ष होता है। ये परिवर्तन भी किसी जबरन तरीके के बजाय संगठित एवं संस्थागत माध्यम से श्रम बाजार की दक्षता को बढ़ाते हैं। भारतीय श्रम बाजार स्थापित कानूनों की तुलना में कहीं तेजी से विकसित हुआ है। शहरी सेवाओं का बड़ा हिस्सा अब प्लेटफार्म आधारित कार्यों से संचालित हो रहा है। यह नई व्यवस्था पुराने कानूनों में फिट नहीं हो पा रही थी। ऐसे में इन श्रमिकों को मान्यता देकर और उनकी सामाजिक सुरक्षा के लिए नई राहें खोलकर एक बड़े अंतर की भरपाई की गई है। एक बेहतर श्रम बाजार वही होता है, जो नवाचार से किनारा करने के बजाय नई आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को ढालकर नए कार्यों को मान्यता प्रदान करने को प्राथमिकता दे।

कामकाजी आबादी में महिलाओं की भागीदारी को भी नई श्रम संहिताओं से मदद मिलेगी। पुराने कानून नाइट शिफ्ट में महिलाओं के कामकाज को बाधित कर उनके समक्ष विकल्प सीमित करते थे। उनके लिए उचित सुरक्षा व्यवस्थाओं के साथ भागीदारी की अनुमति देना एक अधिक समावेशी श्रम आपूर्ति का आधार तैयार करता है। वैश्विक उदाहरण इसके प्रमाण हैं कि श्रम बल में महिलाओं की ऊंची भागीदारी वाली अर्थव्यवस्थाएं कहीं अधिक लचीली, विविधतापूर्ण और व्यापक रूप से उत्पादक होती हैं। यह भी अक्सर देखने को मिलता है कि नियमों में जटिलता और अनुपालन लागत का बढ़ना निवेश के प्रति कंपनियों को उदासीन बनाता है। वे विस्तार को टालती हैं। इससे भर्तियों पर भी असर पड़ता है। इस कड़ी में नई संहिताओं के माध्यम से स्पष्ट नियमों और सरल प्रक्रियाओं के माध्यम से कई बाधाएं दूर हुई हैं। एकल लाइसेंस एकल राष्ट्रीय रिटर्न और सुव्यवस्थित पंजीकरण प्रशासनिक हीलाहवाली को दूर करते हैं।

श्रम नियमन किसी देश की संस्थागत अवसंरचना का हिस्सा है। इनका विरूपित, अस्पष्ट या असमान रूप से लागू होना कंपनियों को रक्षात्मक बनाता है। इसके चलते वे अतिरिक्त सतर्कता का सहारा लेती हैं। नियमन के सुसंगत, सुस्पष्ट एवं पूर्वानुमानित होने से कंपनियों की आकांक्षाएं परवान चढ़ती हैं। इस संदर्भ में नई श्रम संहिताएं सकारात्मक संकेत करती हैं। वे जटिलताओं के जाले हटाने, प्रोत्साहन को नए सिरे से आगे बढ़ाने और टकराव के बिंदुओं को घटाने का काम करती हैं। सम्मिलित रूप में ये परिवर्तन विकास की गति को बढ़ावा देने का काम करते हैं। हालांकि किसी भी सुधार के माध्यम से अभीष्ट की प्राप्ति तभी संभव है, जब उन पर सही ढंग से अमल किया जाए।

## खेल-खिलाड़ी

# अगले महीने श्रीलंका से पांच टी-२० मैच खेलेगी भारतीय महिला टीम



**नई दिल्ली।** हाल ही में महिला वनडे विश्व कप जीतकर इतिहास रचने के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम एक बार फिर एक्शन में लौटने को तैयार है। टीम इंडिया श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की टी२० अंतरराष्ट्रीय सीरीज खेलेगी। यह सीरीज 21 दिसंबर से विशाखापटनम में शुरू होगी। हालांकि, सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या इस सीरीज में स्मृति मंधाना एक्शन में दिखेंगी?

हाल ही में हुई घटनाओं के बाद क्या वह टीम इंडिया में वापसी करेंगी या नहीं, इस पर संशय है। पिछले कुछ दिनों में उनकी कोई प्रतिक्रिया या बयान नहीं आया है और ऐसे में वह टीम इंडिया से कुछ और समय के लिए दूर रह सकती हैं। भारत को पहले बांग्लादेश के खिलाफतीन वनडे और तीन टी२० मैच खेलने थे, लेकिन दोनों देशों के बीच बढ़ते राजनीतिक तनाव के चलते यह दौरा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। इसके बाद बीसीसीआई ने खाली स्लॉट में श्रीलंका के खिलाफ टी२० सीरीज की घोषणा की। यह सीरीज भारत के लिए केवल एक मुकाबला नहीं, बल्कि २०26 के टी२० महिला विश्व कप की तैयारी का शुरुआती कदम मानी जा रही है, जो जून में आयोजित होगा। वनडे विश्व कप जीतने के बाद भारत का अगला लक्ष्य अब टी२० विश्व चौंपियन बनना है। पिछले संस्करण में भारत शुरुआती चरण में ही बाहर हो गया था, जब टीम को न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। उसके बाद टीम ने वापसी करते हुए वेस्टइंडीज को 2-1 और इंग्लैंड को 3-2 से हराया है। दरअसल, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना और संगीतकार पलाश मुछाल की शादी इन दिनों सोशल मीडिया और फैन्स के बीच चर्चा का बड़ा विषय बनी हुई है। जिस शादी की तैयारियों को लेकर फैंस बेहद उत्साहित थे, वह अब अस्पष्टता और अफवाहों के घेरे में है। 23 नवंबर को शादी के दिन ही स्मृति के पिता की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद शादी की रस्में अनिश्चित समय के लिए टाल दी गईं। इस घटना का असर सिर्फ परिवार पर ही नहीं पड़ा, बल्कि इस तनाव के चलते दूल्हे पलाश की तबीयत भी खराब हो गई और उन्हें भी अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा। सोशल मीडिया पर चल रहे स्क्रीन शॉट्स और अटकलों के बीच पलाश के परिवार ने साफ किया कि शादी की तारीख आगे बढ़ाने का फैसला सिर्फ हेल्थ इमरजेंसी की वजह से लिया गया था। हालांकि, इस बीच स्मृति मंधाना ने अपनी इंस्टाग्राम प्रोफाइल से शादी से जुड़े पोस्ट हटा दिए थे। इससे अटकलें और तेज हो गईं थीं कि क्या सिर्फ तारीख नहीं, रिश्ता भी कठिन दौर से गुजर रहा है?

## विविध

# भूस्खलन में दबा मकान, मलबे में दबकर युवक की मौत



**पिथौरागढ़।** जिले के अस्कोट के रसगाड़ी में भूस्खलन होने से एक मकान ध्वस्त हो गया। भीतर सो रहे युवक की मलबे में दबने से मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम है। राजस्व की टीम ने शव को मलबे से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

जानकारी के मुताबिक घटना शुक्रवार तड़के चार बजे हुई। रसगाड़ी के ओजपाली तोक में अचानक भूस्खलन होने से नीचे बना ललित मोहन जोशी का मकान ध्वस्त हो गया। मकान की छत गिर गई और पहाड़ी से निकला और मलबा और बोल्डर दीवार तोड़ते हुए भीतर घुस गया। भीतर सो रहा ललित मोहन जोशी का पुत्र भुवन जोशी (22) मलबे में दब गया।

परिजनों के लिए भारी मात्रा में डंप मलबे को हटाना असंभव था। ग्रामीणों ने घटना की सूचना राजस्व विभाग और पुलिस को दी। दोनों विभागों की टीम ने मौके पर पहुंचकर बमुश्किल मलबा हटाया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। युवक भुवन जोशी की मलबे में दबने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम है।

# कुंभ 2027, अखाड़ों में चल रही रार के बीच बैठक में शामिल हुए सीएम धामी



**हरिद्वार।** अखाड़ों में चल रही रार के बीच होने वाली बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी शामिल हुए। 2027 अर्द्धकुंभ मेले को लेकर भी चर्चा की गई। कुल 97 दिनों के भव्य कुंभ में चार प्रमुख शाही स्नान होंगे। 14 जनवरी को पहला शाही स्नान होगा और अप्रैल में कुंभ का समापन होगा। चर्चा के दौरान सभी बातों पर संतों ने सहमति जताकर अखाड़ों से उठी पूर्व की आपत्तियों पर विराम लग गया। शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने धर्मनगरी हरिद्वार पहुंचकर सभी तेरह अखाड़ों के साधु संतों का सम्मान किया। इस दौरान कुंभ हरिद्वार कार्यक्रम के लिए विशेष पंडाल बनाया गया। गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडे, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप समेत कई विभागों के अधिकारी इस दौरान मौजूद रहे।

सीएम ने अखाड़ों के प्रतिनिधियों व हितधारकों संग कुंभ की व्यवस्थाओं और सुविधाओं पर रायशुमारी की। इसमें शाही स्नान से लेकर हर समस्याओं के समाधान तथा भव्य-दिव्य कुंभ की रूपरेखा तैयार की गई। सीएम की बैठक से पूर्व बृहस्पतिवार को अधिकारी बैरागी से लेकर निर्मोही, निरंजनी से जूना समेत सभी 13 अखाड़ों में पहुंचकर समन्वय बनाने में जुटे रहे।

# मसूरी पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह



**उत्तराखंड।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उत्तराखंड दौरे पर पहुंचे। वह वायु सेवा के विशेष विवान से देहरादून एयरपोर्ट पहुंचे। यहां सीएम धामी ने उनका स्वागत किया। इसके कुछ देर बाद वह एमआई 17 हेलीकॉप्टर से मसूरी के लिए रवाना हुए। वहीं, सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी स्थित पोलो ग्राउंड में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का स्वागत एवं अभिनंदन किया। बता दें कि रक्षा मंत्री का आज लाल बहादुर शास्त्री अकादमी में कार्यक्रम प्रस्तावित है। रात्रि विश्राम के बाद राजनाथ सिंह आज कार्यक्रम में शामिल होने के बाद करीब 1:3० बजे देहरादून एयरपोर्ट से वापस दिल्ली को रवाना होंगे।

# अकबरपुर के लक्ष्मी नारायण विश्व में बाबा नीब करौरी के नाम से हुए प्रसिद्ध



**नैनीताल।** बाबा नीब करौरी का जन्म वर्ष 19०० में उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद स्थित अकबरपुर गांव में हुआ था। कम ही लोग जानते हैं कि बाबा नीब करौरी का जन्म वर्ष 19०० में मार्गशीष माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी को हुआ था जो इस वर्ष आज पड़ रही है। लक्ष्मी नारायण शर्मा यानी बाबा नीब करौरी संत के साथ ही आदर्श पति, पिता और पुत्र भी थे। बाबा की बेटी गिरिजा से बातचीत के आधार पर उनके जीवन के अनछुए पहलुओं पर 'महाप्रभु महाराज जी श्री नीब करौरी बाबा- पावन कथामृत' पुस्तिका की लेखिका डॉ. कुसुम शर्मा ने उनकी जीवन से संबंधित बिंदुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बाबा नीब करौरी के पिता वेदाचार्य पंडित दुर्गा प्रसाद शर्मा अनुशासनप्रिय धार्मिक और विद्वान व्यक्ति थे जबकि माता कौशल्या देवी धर्मपरायण महिला थीं।

बालक लक्ष्मी नारायण शर्मा बचपन से ही धार्मिक, आध्यात्मिक, जिज्ञासु, भावुक और अत्यंत दयालु प्रवृति के थे। प्रारंभिक पढ़ाई के बाद वह पढ़ने बनारस गए जहां वेद और संस्कृत का ज्ञान लिया।

माता के स्वर्गवास के बाद बाबा का जीवन अध्यात्म की ओर ले गया। सेंट मैरी कॉन्वेंट की शिक्षिका डॉ. कुसुम का कहना है कि बाबा कहते थे कि गृहस्थ जीवन ही सबसे बड़ी तपस्या है। हनुमानगढ़ मंदिर के प्रबंधक एमपी सिंह ने पावन कथामृत की प्रति हनुमानगढ़ के धार्मिक ग्रंथों में होने की पुष्टि की है।

बाबा का विवाह 11 वर्ष की उम्र में नौ वर्ष की रामबेटी से हुआ। लगभग 12द्13 साल की उम्र में वे अध्यात्म की खोज में घर से निकल गए। कई वर्षों तक साधनारत रहकर कभी घने जंगल, कभी पर्वतों तो कभी विभिन्न आश्रमों में जीवन व्यतीत करते रहे। नीब करौरी गांव के भक्तों से उन्हें नीब करौरी बाबा नाम मिला। इसके बाद ही बाबा नीब करौरी महाराज के नाम से जाने गए।

## बाजार करने आए व्यक्ति के साथ की मारपीट

**शाहबाद।** बीते दिनों हुई मारपीट में राम मनोहर सिंह पुत्र मी सिंह निवासी ग्राम लीलोर थाना जिला बरेली की तहरीर के आधार पर पुलिस ने 3 पर किया मुकदमा दर्ज राम मनोहर ने बताया बीते 8 नवंबर को समय शाम 5 बजे ग्राम घारमपुर साप्ताहिक बाजार करने आया था तभी मुझे 3 लोगो ने मारा पीटा जिसमे वीर सिंह पुत्र निवासी ग्राम रघुनाथ थाना व तहे शाहबाद व 2 अज्ञात व्यक्तिय थे और मेरे दाया हाथ का अंगूठा काट लिया ओर मुझे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये शाहबाद कोतवाली पहुंच कर राम मनोहर सिंह ने कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# मेला मार्गशीर्ष में दिव्यांग जन जागरूकता शिविर का शुभारंभ

ब्यूरो कपिल दीक्षित

**कासगंज/सोरों।** तीर्थ नगरी सोरों के शूकर क्षेत्र में चल रहे मेला मार्गशीर्ष शूकर क्षेत्र महोत्सव 2025 के तहत रविवार को दिव्यांग जन जागरूकता शिविर का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष रत्नेश कश्यप ने फीता काटकर किया।

शिविर स्थल पर पहुंचने पर दिव्यांग महिला कार्यकर्ताओं ने जिला पंचायत अध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री वारह जन सेवा दिव्यांग समिति के अध्यक्ष कुलदीप निर्भय ने की। कुलदीप निर्भय ने



बताया कि हर वर्ष मेला मार्गशीर्ष में दिव्यांग जन जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविर में दिव्यांग जनों को सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाती है, साथ ही मेला घूमने आने वाले दिव्यांग जनों और उनके परिजनों के लिए चाय-पानी एवं भोजन की नि:शुल्क व्यवस्था भी समिति द्वारा की जाती है।

जिला पंचायत अध्यक्ष रत्नेश कश्यप ने कहा दिव्यांग जन समाज का अहम हिस्सा हैं। उनके सम्मान, सुविधा और अधिकारों की रक्षा हमारी प्राथमिकता है। ऐसे शिविर न सिर्फ जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि दिव्यांग साथियों को मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिला पंचायत हर संभव सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष कुलदीप निर्भय, विनोद कुमार, ज्ञान देवी सहित कई दिव्यांग जन उपस्थित रहे।

## जनसत्ता दल लोकतांत्रिक का 7वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया, पत्रकारों को किया गया सम्मानित

ब्यूरो कपिल दीक्षित

**कासगंज।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी का सातवां स्थापना दिवस कासगंज में बड़े ही उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आवास विकास कॉलोनी स्थित कैंप कार्यालय में आयोजित विशेष कार्यक्रम में जनपद के पत्रकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेंद्र मिश्रा फौजी ने की। स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने पार्टी के प्रति एकजुटता और समर्पण जताते हुए स्थापना दिवस को उत्साहपूर्वक मनाया। पत्रकारों को संगठन की ओर से शॉल ओढ़ाकर और माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। जिला अध्यक्ष शैलेंद्र मिश्रा फौजी ने कहा आज जनसत्ता दल लोकतांत्रिक का स्थापना दिवस है, जिसे हम सभी कार्यकर्ता बड़े ही हर्ष और उत्साह के साथ मना रहे हैं। हमारी पार्टी का हर कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य कर रहा है। हम एक-दूसरे के



सुख-दुख में हमेशा साथ रहते हैं और पार्टी की विचारधारा को गांव-गांव, जन-जन तक पहुंचा रहे हैं।

स्थापना दिवस पर पत्रकारों को सम्मानित करने का निर्णय हमारी जिला कार्यकारिणी ने लिया, क्योंकि चौथा स्तंभ समाज का महत्वपूर्ण आधार है। पत्रकार सदैव निष्पक्ष रूप से समाज के मुद्दों को उठाते हैं, इसलिए आज उन्हें सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित कार्यक्रम में प्रवक्ता आशीष मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी जितेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष ऋषिपाल सिंह सोलंकी, जिला महासचिव भगवान सहाय जिला अध्यक्ष किसान धर्मेंद्र बर्मा फौजी, राघव मिश्रा, यदुवीर सिंह सोलंकी, सुखबीर प्रधान, धर्मेंद्र वर्मा, अरविंद सोलंकी, सत्येंद्र सिंह तोमर, संजय गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नुमाइश मैदान के अलावा रेलवे रोड पर मंगलवार को नही सजेगा मंगलवार बाजार

**अलीगढ़।** रेलवे रोड पर बार-बार चेतावनी के बावजूद मंगलवार के दिन दुकानों के आगे बिना अनुमति सड़क पर दुकान और धकेल सजाने वाले लोगों के विरुद्ध अब नगर निगम ने कड़ा रुख़ अपना लिया है वही नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने अतिक्रमण अभियान के दौरान जप्त किए गए सामान को बिना उनकी अनुमति के नगर निगम से देने पर भी पाबंदी लगा दी है।

पिछले कई दिनों से नगर निगम द्वारा अतिक्रमण अभियान में जप्त किए गए सामान को बिना नगर आयुक्त की अनुमति के अतिक्रमण करने वालों को जुर्माना के उपरांत दे दिया जा रहा था नगर आयुक्त ने इस पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाते हुए आदेश जारी किए हैं कि भविष्य में जप्त सामान को बिना उनकी अनुमति के किसी भी दशा में रिलीज नहीं किया जाएगा। बुधवार को



पार्षदों के साथ बैठक में रेलवे रोड पर लगने वाले जाम के कारण स्कूली बच्चों और नागरिकों को हो रही सुविधा पर चर्चा करते हुए नगर आयुक्त ने सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह को तत्काल प्रभाव से मंगलवार के दिन नुमाइश ग्राउंड के अतिरिक्त रेलवे रोड पर बिना अनुमति सड़क और फुटपाथ पर दुकान और धकेल सजाने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई करने की निर्देश दिए हैं नगर आयुक्त ने आदेश जारी करते हुए मंगलवार को रेलवे रोड पर अवैध रूप से दुकानों के आगे सड़क पर बिक्री करने वाले बाजार को पूर्णत प्रतिबंधित कर दिया है। नगर आयुक्त ने बताया मंगलवार के दिन नुमाइश ग्राउंड में आधिकारिक रूप से बाजार लगाया जाता है इस बाजार में सभी लोगों को पूर्व में व्यवस्थित किया जा चुका है परंतु बार-बार नगर निगम की चेतावनी के बावजूद कुछ लोगों द्वारा मंगलवार के दिन सड़क और फुटपाथ पर रेलवे रोड पर अवैध दुकान लगाकर ट्रैफिक बाधित करने का प्रयास किया जाता है इस दिशा में नगर निगम द्वारा कठोर कदम उठाया गया है आने वाले मंगलवार से रेलवे रोड प्रवर्तन दल के निगरानी में होगा सुबह से शाम तक नगर निगम प्रवर्तन टीम यहां पर कार्रवाई करेगी जो लोग अवैध रूप से ट्रैफिक बाधित करते हुए पाए जाएंगे उनके सामान को जप्त करने के साथ-साथ जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

## दो बाइकों की टक्कर में चार लोग घायल

अमर भास्कर संवाददाता

**शाहबाद।** क्षेत्र में रविवार सुबह दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद ले जाया गया, जहां से उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, यह घटना रविवार सुबह लगभग 4रू०० बजे हुई। ग्राम मधुकर निवासी 35 वर्षीय प्रदीप (पुत्र सुरेश) और 30 वर्षीय हेतराम (पुत्र जगदीश) एक बाइक पर सवार होकर किसी शादी समारोह से लौट रहे थे। वहीं, दूसरी ओर ग्राम सागरपुर निवासी समीर और रंजीत भी अपनी बाइक से एक शादी समारोह में बैंड-बाजे का काम करके वापस आ रहे थे। दोनों बाइकों की आपस में टक्कर हो गई, जिससे चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने चारों घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें तुरंत जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारी की छापेमारी

### शाहबाद में नकली दूध-पनीर बनाने वाली डेयरी नष्ट

*अमर भास्कर संवाददाता*

**शाहबाद।** क्षेत्र में रविवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने सेफनी क्षेत्र के ग्राम खरसोल स्थित एक डेयरी पर बड़ी कार्रवाई की। मुस्लिम इंटर कॉलेज के पास संचालित इस डेयरी में भारी मात्रा में मिलावटी दूध, पनीर और क्रीम बनाई जा रही थी, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

छापेमारी के दौरान डेयरी में नकली दूध और पनीर बनाने की सामग्री मिली। इसमें श्ईजीश् नामक एक बोतल भी बरामद हुई। डेयरी संचालक यासीन के पास फूड लाइसेंस भी नहीं पाया गया। मौके पर एक क्विंटल क्रीम, 250 लीटर मिलावटी दूध और 4 किलो पनीर नष्ट किया गया।

खाद्य अधिकारियों ने डेयरी से



नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई मंडल सहायक आयुक्त, मुरादाबाद के नेतृत्व में की गई। टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी इंद्र बहादुर यादव, वीरेंद्र सिंह कुशवाह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश कुमार (रामपुर), अशोक कुमार, कृष्ण गोपाल, प्रिजन सिंह और रामचंद्र शामिल थे।

# रेलवे रोड के सरकारी स्कूलों की बदलेगी सूरतेहाल

**अलीगढ़।** रेलवे रोड सराय नवाब कोयले वाली गली में संचालित कन्या विद्यालय 12, कन्या पाठशाला 35 नंबर व जूनियर हाई स्कूल परिसर की जर्जर हालत को सुधारने का बीड़ा नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने उठाया है। नगर आयुक्त ने यहाँ संचालित तीनों विद्यालय का मिशन कायाकल्प के तहत संवारने व आवश्यक निर्माण के लिए अधीनस्थों को तत्काल व्यय का प्रस्ताव करने के निर्देश जारी किए है। नगर आयुक्त ने पूर्व पार्षद मनीष वूल व स्थानीय व्यपारियों के साथ इन तीनों विद्यालय का निर्माण विभाग के इंजीनियरों के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने इन विद्यालय के बच्चों से उनकी समस्याओं को जानने के लिए संवाद किया नगर आयुक्त ने बच्चों से मिड डे मील व दिन वार दिए जाने वाले भोजन के बारे में फीडबैक भी लिया।




स्कूल में होने वाले जल भराव, गंदगी, पेयजल की समस्या, शौचालय की समस्या व बच्चों के स्कूल प्रवेश मार्ग की समस्या पर बच्चों को नगर आयुक्त ने जल्द से जल्द समस्याओं का निदान कराने का भरोसा जताया। मौके पर नगर आयुक्त ने अधिशासी अभियंता बिजेंद्र पाल को तत्काल प्राथमिकता पर मिशन कायाकल्प के तहत प्रस्ताव उनके समक्ष अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करने के लिए कहा। नगर आयुक्त ने कहा नन्हे मुन्ने बच्चों की समस्याओं को देखते हुए विद्यालय परिसर में आवश्यक निर्माण के लिए मिशन कायाकल्प के तहत जल्द स्कूल परिसर में नगर निगम द्वारा आवश्यक कार्य कराए जाएंगे अधीनस्थों को मिशन कायाकल्प का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए है।

# 160 विज्ञान शिक्षकों ने प्राप्त की कम्प्यूटर की नवीन तकनीकी जानकारी

**अलीगढ़।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् उप्र एवं भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर द्वारा संदर्भित प्रशिक्षण हेतु पांच बैचों का विकास किया गया। उक्त प्रशिक्षण के प्रथम चरण का दो दिवसीय प्रशिक्षण 28 एवं 29 नवम्बर को भरतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर में आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण के संबंध में शिक्षक महेश चन्द्र ने बताया कि प्रशिक्षण में जनपद अलीगढ़ से प्रतिभाग करने हेतु दस शिक्षकों को नामित किया गया लेकिन तीन शिक्षक एसआईआर की ड्यूटी के चलते प्रशिक्षण में प्रतिभाग हेतु नहीं जा सके। वह आगामी चरणों के



प्रशिक्षण में प्रतिभाग लेंगे। प्रशिक्षण के अन्त में सभी को आईआईटी के प्रोफेसर अमनदीप सिंह एवं मधुकर वार्ष्णेय के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व राज्य स्तरीय इस प्रशिक्षण में प्रत्येक जनपद से दस-दस शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। अब तक 75 शिक्षकों को कंप्यूटर लिटरेसी एवं साइबर क्राइम के विषय में जानकारी दी गई है। इस प्रशिक्षण को प्रभावी ढंग से पूरे राज्य के अंदर लागू करने हेतु परिषदीय विद्यालयों के बीस हजार बच्चों को कंप्यूटर लिटरेसी से संबंधित दक्ष बनाने की आगामी दिनों में योजना है। यदि हम सभी मिलकर इस योजना में सफल होते हैं, तो यह संचार क्रांति की दुनिया में अपना एक नया कीर्तिमान होगा। उक्त प्रशिक्षण में संदर्भदाता अथर्व, पल्लवी, ओमप्रकाश उर्फ ओम का विशेष योगदान रहा।

कंप्यूटर प्रशिक्षण में अलीगढ़ जनपद की ओर से सम्मिलित होने वाले शिक्षक महेश चन्द्र, कम्पोजिट विद्यालय बिनूपुर, लोधा, हिमांशु गुप्ता,प्रावि नगला पदम, चण्डौस, मोनिका शर्मा, कम्पोजिट विद्यालय बालनपुर, टप्पल, दीपक शर्मा, पीएमश्री वि साथनी, इगलास, चित्रलेखा कुमारी, कम्पोजिट विद्यालय कदौली, अतरौली, इन्द्रेश कुमार, कटरा मलोई, अकराबाद, पूनम यादव, पीएमश्री विद्यालय एलमपुर, लोधा ने प्रशिक्षण को डिजिटल की दुनिया में सराहनीय कदम बताया।

## आज जन्मभूमि पर जगद्गुरु श्री भारतीजी महाराज का होगा आगमन

**मथुरा।** इस संबंध में जानकारी देते हुऐ श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव श्री कपिल शर्मा ने बताया कि श्रृंगेरी पीठ के परम पूज्य जगद् गुरू उत्तराधिकारी शंकराचार्य का आगमन श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर सोमवार दिनांक 01 दिसम्बर 2025 को समय लगभग रात्रि 8:00बजे होगा। आगमन के उपरान्त हजारों वर्ष पुरानी पीठ की परंपराओं एवं नियमों के अनुरूप भगवान श्री चन्द्रमोलीश्वर का दिव्य पूजन, आदि शंकराचार्य जी द्वारा निर्धारित विधि-विधान से होगा। भगवान चन्द्रमोलीश्वर के ऐसे अद्भुद पूजन-अभिषेक के दर्शन दैविक, दैहिक एवं भौतक तीनों प्रकार के तापों का शमन कर औघढ़दानी भगवान शिवजी की परम कृपा की प्राप्ति कराते हैं। आगमन के अगले दिन मंगलवार 02 नवम्बर) को प्रात: श्रीकृष्ण-जनमभूमि पर विराजमान श्रीठाकुरजी के दर्शन, अर्चन, पूजन करेंगे। तदोपरान्त श्रीकृष्ण जन्मभूमि की अति विशिष्ट गौवंश के दर्शन, पूजन एवं आरती में सम्मिलित होंगे। सर्वप्रथम जगद्गुरू भगवान श्रीकेशवदेव जी का माल्यार्पण कर पूजन करेंगे।

# गौशाला में भक्तमाल कथा का ऐलान, 4 से 10 दिसंबर तक चलेगा धार्मिक आयोजन

**अलीगढ़।** शहर की प्रसिद्ध गौशाला परिसर में आज आयोजित प्रेस वार्ता में समिति ने महत्वपूर्ण घोषणा की। विगत वर्षों की तर्ज पर इस बार भी 4 दिसंबर से में प्रथम बार भक्तमाल कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। समिति अध्यक्ष कृष्णा गुप्ता ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि 4 से 1 दिसंबर तक यह कथा चलेगी, जबकि 11 दिसंबर को विशाल हवन यज्ञ एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा। कथा का रसपान अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वाचक पूज्य कृष्ण प्रिया दीदी के करकमलों से होगा। इससे पूर्व, 3 दिसंबर को दोपहर 11 बजे धनियावाड़ा कनवरीगंज से एक भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा का उद्घाटन सांसद सतीश गौतम, पूर्व सांसद श्रीमती मुक्ता राजा, विधायक अनिल पाराशर, विभाग प्रचारक गोविंद जी, महापौर प्रशांत सिंघल, नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष इंजीनियर राजीव शर्मा एवं एमएलसी मानवेंद्र प्रताप सिंह के हाथों किया जाएगा। कथा के मुख्य संयोजक लक्ष्मी नारायण लक्ष्क्षो ने प्रेस को जानकारी देते हुए कहा कि यह आयोजन पूरी तरह से गौ माता के भोजन एवं संरक्षण के लिए समर्पित है। गौशाला में 6 से अधिक गोवंश हैं, जिनका संचालन सरकारी अनुदान के बिना जन सहयोग पर निर्भर है। ष्हमारा उद्देश्य गौसेवा को मजबूत करना है, और इस कथा से प्राप्त दान राशि गौशाला के लिए उपयोग होगी,ष् उन्होंने जोर देकर कहा। प्रेस वार्ता में कृष्णा गुप्ता, लक्ष्मी नारायण, दीपक गुप्ता, अविनाश कोल, धर्मेंद्र



मिनालो, अतुल हार्डवेयर, डब्बू सराफ, राकेश जी, ममता गुप्ता, प्रभा सिंह, अनीता गुप्ता, संध्या वार्ष्णेय, मीडिया प्रभारी विशाल देशभक्त सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

# 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' का टाइटल ट्रैक हुआ रिलीज, कूल लुक में नजर आए कार्तिक



कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे स्टारर फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' का टाइटल ट्रैक रिलीज हो चुका है। इस गाने में कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की जबरदस्त केमिस्ट्री फैंस को पसंद आ रहा है। कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे इन दिनों अपनी आगामी रोमांटिक फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। आज इस फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज कर दिया गया है, जो कार्तिक और अनन्या के फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। कुछ ही देर पहले कार्तिक ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म का टाइटल ट्रैक शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' का टाइटल ट्रैक रिलीज हो चुका है।' जो कार्तिक के फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। कार्तिक के फैंस उनके इस गाने पर लाल और फायर इमोजी शेयर कर रहे हैं। कार्तिक ने इंस्टाग्राम पर अपनी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' का टाइल ट्रैक का वीडियो शेयर किया। इस गाने में कार्तिक समंदर किनारे बीच पर बेहद कूल लुक में हसीनाओं के बीच नजर आ रहे हैं। तो वहीं इस गाने में अनन्या भी बेहद हॉट लुक में नजर आ रही हैं। 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह एक रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म का निर्देशन समीर विध्वंस ने किया है। इस फिल्म से पहले कार्तिक और अनन्या एक साथ फिल्म 'पति पत्नी और वो' में नजर आ चुके हैं। 6 साल बाद ये जोड़ी फिर से साथ आ रही है। दोनों की केमिस्ट्री उनके फैंस को बेहद पसंद है।

# अमिताभ बच्चन की शाहरुख खान से है लड़ाई, केबीसी पर कीकू शारदा ने बिग बी से पूछा सवाल



केबीसी के नए एपिसोड में क्विज से ज्यादा कॉमेडी होने वाली है। क्योंकि शो में दो कॉमेडियन कीकू शारदा और सुदेश लहरी आएंगे। हालांकि, इस दौरान कीकू शारदा ने शाहरुख और बिग बी में कंपटीशन को लेकर सवाल कर दिया। अमिताभ बच्चन की होस्टिंग वाले 'कौन बनेगा करोड़पति' के 17वें सीजन में कई एपिसोड में अलग-अलग सेलेब्स नजर आए हैं। अब शो के नए एपिसोड में एक्टर-कॉमेडियन कीकू शारदा और सुदेश लहरी मेहमान के रूप में नजर आए। दोनों ने इस दौरान बिग बी के साथ मिलकर काफी मस्ती भी की। शो के टेलीकास्ट होने से पहले प्रोमो सामने आए हैं, जिनमें दोनों कॉमेडियन बिग बी के साथ मजे करते दिख रहे हैं। शो के लेटेस्ट प्रोमो में कीकू शारदा फैंस के पसंदीदा किरदार बच्चा यादव के रूप में नजर आते हैं। वह अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान के बीच एक नकली प्रतिद्वंद्विता की जांच करने का फैसला करते हैं। कीकू सीधे कहते हैं, 'सर, मैंने सुना है कि शाहरुख खान के साथ आपकी बनती नहीं है। आपने तो उन्हें 'कभी खुशी कभी गम' में घर से बाहर भी निकाल दिया था। 'मोहब्बतें' में गुरुकुल से और यहां तक कि फिल्म 'पीकू' से भी निकाल दिया गया था।' इस पर अमिताभ बच्चन मुस्कुराते हुए कहते हैं कि लेकिन शाहरुख तो 'पीकू' में थे ही नहीं। तब कीकू पंचलाइन मारते हुए कहते हैं कि सर, अगर आपने उन्हें निकाल दिया है, तो वो फिल्म में कैसे होंगे शो में सुदेश लहरी ने भी मस्ती की। उन्होंने बताया कि कैसे वह अमिताभ बच्चन से प्रेरित हैं और उनकी कुछ आदतों को अपनाने की कोशिश करते हैं। सुदेश लहरी ने कहा कि जैसे बिग बी हर रविवार को अपनी गैलरी में खड़े होकर प्रशंसकों को हाथ हिलाते हैं, वैसे ही वह भी ऐसा ही करते हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि असल में वहां कोई भी हाथ हिलाने वाला नहीं होता। एक और प्रोमो क्लिप में सुदेश लहरी एक फनी परफॉर्मेंस देते हैं।

# अभिरा और अरमान फिर हुए जुदा, बिखर गया पोद्दार परिवार



सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में अभिरा और अरमान की जिंदगी में हमेशा उतार-चढ़ाव का दौर चलता रहता है। इन दिनों पोद्दार परिवार में कलह का दौर चल रहा है। इसका असर अभिरा और अरमान के रिश्ते पर भी हो रहा है। अभिरा और अरमान पहले ही पोद्दार परिवार में हो रहे बंटवारे के कारण दुखी थे। दादी सा ने भी घर छोड़ने का फैसला लिया है। अभिरा दादी सा को अकेला नहीं छोड़ सकती है, इसलिए उनके साथ पोद्दार परिवार से दूर जा रही है। जबकि अरमान अपनी मां के साथ रहना चाहता है। ऐसे में दोनों की राह एक बार फिर अलग हो रही हैं। सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' के हालिया एपिसोड में विद्या और अभिरा के बीच बहस हो जाती है। इस माहौल में विद्या कहती है कि अभिरा की बेटी पोद्दार हाउस में ही रहेगी। विद्या का मनाना है कि बेटी पर अभिरा का कोई हक नहीं है। यह बात अभिरा को बर्दाश्त नहीं होती है। वह कहती है कि अगर विद्या ने यह बात प्यार से कही होती तो वह मान भी जाती लेकिन उसकी परवरिश पर सवाल नहीं उठाना चाहिए था। पहले पोद्दार परिवार में दादी सा और विद्या के रिश्तों में दूरी पैदा हुई। साथ ही दादी सा की बेटी काजल भी अपने परिवार से नाराज है। वह प्रॉपर्टी में हिस्सा चाहती थी। काजल लगभग घर के हर सदस्य के साथ बुरा व्यवहार कर रही है। इस बात से दादी सा का दिल टूट गया है। बात इतनी बिगड़ चुकी है कि दादी सा ने परिवार की प्रॉपर्टी का बंटवारा करने का फैसला लिया है। विद्या ने भी दादी सा को भला-बुरा कहा। इस वजह से दादी सा ने घर छोड़ने का फैसला लिया। सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' 46वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में टॉप 5 में जगह बनाने में कामयाब रहा।



# अभिनेत्री तनुश्री चक्रवर्ती ने बॉयफ्रेंड संग की शादी



बंगाली एक्ट्रेस तनुश्री ने अपने बॉयफ्रेंड और बिजनेसमैन सुजीत बसु के साथ सात फेरे ले लिए हैं। एक्ट्रेस की तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। बंगाली अभिनेत्री तनुश्री चक्रवर्ती ने आखिरकार अपने बॉयफ्रेंड और अमेरिकी बिजनेसमैन सुजीत बसु के साथ सात फेरे ले लिए हैं। यह शादी किसी फिल्मी सीन से कम नहीं थी। लास वेगास के खूबसूरत रेड रॉक कैन्यन में दोनों ने शादी की है। इस खास दिन की तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस ने साझा की हैं। लंबे समय से अमेरिका में छुट्टियां बिताती नजर आ रहीं तनुश्री दरअसल अपने जीवन के इस नए अध्याय की तैयारी में थीं, जिसे उन्होंने अब खूबसूरती से दुनिया के सामने साझा किया है। दोनों की मुलाकात करीब दो साल पहले कोलकाता में एक दोस्त के जरिए हुई थी। तनुश्री अपने रिश्ते को लेकर बताती हैं कि अपने वर्कआउट सेशन के तुरंत बाद अनौपचारिक लुक में उनसे मिली थीं, लेकिन बावजूद इसके वह पहली ही मुलाकात में एक जुड़ाव महसूस कर बैठी थीं। दूसरी तरफ सुजीत भी उसी पल दिल हार बैठे थे। पहले दोस्ती और फिर दूरी के चलते वर्चुअल बातचीत- इन सबके बीच उनका रिश्ता धीरे-धीरे प्रेम में बदल गया। जब तनुश्री अमेरिका छुट्टियों पर गई, तो उनके साथ बिताए गए पलों ने रिश्ते को और मजबूत कर दिया। लंबी ड्राइव्स, लंबी बातचीत और एक-दूसरे की मौजूदगी ने दोनों को यह एहसास करा दिया कि वह अपना जीवन साथ बिताना चाहते हैं। सुजीत ने शादी की सारी तैयारिया खुद संभालीं ताकि तनुश्री के लिए यह दिन हमेशा यादगार रहे। मेकअप आर्टिस्ट से लेकर वायलिनिस्ट तक- हर छोटी-बड़ी चीज को उन्होंने उसी सलीके से चुना, जैसा तनुश्री को पसंद है। दुल्हन का लहंगा भी सुजीत ने ही चुना था, जिसे देखकर तनुश्री भावुक हो उठीं। इतना ही नहीं, उन्होंने दोनों परिवारों के लिए शादी की लाइव स्क्रीनिंग भी करवाई ताकि दूर रहकर भी सभी इस पल का आशीर्वाद दे सकें। शादी के बाद दोनों ने वेगास के एक प्रतिष्ठित घुमने वाले रेस्तरां में कैंडल-लाइट डिनर किया, जो उनके नए सफर की कविता जैसा था। तनुश्री फिलहाल काम से थोड़ी दूरी बनाकर अपने नए जीवन का आनंद ले रही हैं। वह कहती हैं कि अगला साल यह तय करेगा कि वे अमेरिका में रहेंगे, कोलकाता लौटेंगे या दोनों जगहों का संतुलन बनाएंगे। अभी के लिए तो यह जोड़ी अपने हनीमून, सुजीत के जन्मदिन और क्रिसमस को सेलिब्रेट करने के लिए फ्लोरिडा के खूबसूरत शहर ऑरलैंडो के सफर पर निकलने वाली है।

# क्या स्मृति मंधाना के सपोर्ट में उतरे सुनील शेट्टी मुश्किल वक्त में दोस्ती निभाने के लिए जैमिमा को जमकर सराहा



पलाश मुछाल और क्रिकेटर स्मृति मंधाना की शादी टलने का मामला तुल पकड़ चुका है। इस मामले में हर दिन नए मोड़ और कथित खुलासे हो रहे हैं। इसी बीच सुनील शेट्टी ने क्रिकेटर जैमिमा को मुश्किल वक्त में स्मृति का साथ देने के लिए सराहा है। पलाश मुछाल और क्रिकेटर स्मृति मंधाना की शादी को टले हुए 6 दिन हो चुके हैं। इस बीच पलाश की फ्लर्टिंग वाली कथित चैट सामने आई। साथ ही कुछ लड़कियों के साथ भी इस म्यूजिक कंपोजर का नाम जोड़ा गया। इस बीच क्रिकेटर और स्मृति मंधाना की दोस्त जैमिमा रोड्रिग्स ने एक बड़ा फैसला लिया है। जिसकी तारीफ सुनील शेट्टी भी कर रहे हैं। खबर है कि ऑस्ट्रेलिया में चल रहे वुमन बिग बैश लीग के बचे हुए सेशन में न खेलने का फैसला जैमिमा ने लिया है। इसी बात के लिए सुनील ने जैमिमा की तारीफ की है। वह अपनी ट्विटर पोस्ट में एक अखबार की कटिंग शेयर करते हैं, जिसमें यह खबर छपी है। आगे वह अपनी एक्स (ट्विटर) अकाउंट की पोस्ट में लिखते हैं, 'सुबह-सुबह यह आर्टिकल पढ़ा और मेरा दिल खुश हो गया। जैमिमा छोड़कर स्मृति के साथ हैं। कोई बड़ा बयान नहीं, बस चुपचाप एकजुटता। असली टीममेट्स यही करते हैं।' एक तरफ पलाश पर रिश्ते में कथित धोखेबाजी के आरोप लग रहे हैं। लेकिन परिवार ने स्मृति संग शादी को लेकर अलग ही बयान दिया है। हाल ही में हिंदुस्तान टाइम्स से की गई बातचीत में पलाश की मां अमिता मुछाल ने कहा, 'स्मृति और पलाश दोनों तकलीफ में हैं। पलाश ने हमेशा अपनी दुल्हन के साथ घर आने का सपना देखा था। मैंने स्मृति के लिए खास वेलकम की तैयारी भी की थी। सब ठीक हो जाएगा, शादी जल्द होगी।' अब तक शादी टलने और कथित चैट के बाद स्मृति और पलाश का कोई बयान सामने नहीं आया है। स्मृति ने अपने इंस्टाग्राम से मेहंदी और हल्दी फंक्शन की वीडियो हटा दिए हैं, उनकी दोस्तों ने भी फोटो, वीडियो इंस्टाग्राम से डिलीट कर दिए हैं। लेकिन पुरानी तस्वीरें अब भी मौजूद हैं। बताते चलें कि 23 नवंबर को क्रिकेटर स्मृति मंधाना और म्यूजिक कंपोजर, डायरेक्टर पलाश मुछल की शादी होनी थी। लेकिन उसी दिन मीडिया को सूचित किया गया कि स्मृति के पिता की तबीयत खराब होने के कारण शादी टाल दी गई है। अब स्मृति के पिता को अस्पताल से छुट्टी भी मिल चुकी है।

# कानूनी पचड़े में फंसी रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर'



रिलीज से पहले फिल्म 'धुरंधर' कानूनी पचड़े में पड़ गई है। मेजर मोहित शर्मा के परिवार वालों ने इस पर रोक लगाने की मांग की है। रणवीर सिंह की अपकमिंग फिल्म 'धुरंधर' की काफी चर्चा है। दर्शक बेसब्री से इसकी रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले यह फिल्म कानूनी पचड़े में पड़ती नजर आ रही है। स्वर्गीय मेजर मोहित शर्मा के माता-पिता ने फिल्म 'धुरंधर' की रिलीज की रोक के लिए दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया है। उनका आरोप है कि मेजर मोहित शर्मा के परिवार की बिना इजाजत के यह फिल्म बनाई गई। अपनी याचिका में, परिवार ने आरोप लगाया है कि फिल्म इंडियन आर्मी या मेजर शर्मा के कानूनी वारिसों से इजाजत लिए बिना बनाई गई। याचिका में कहा गया कि फिल्म में अशोक चक्र और मेडल विजेता मोहित शर्मा की जिंदगी, सीक्रेट ऑपरेशन और शहादत से सीधे जुड़ी हुई लगती है। उनका कहना है कि मीडिया रिपोर्ट्स से पता चलता है कि मेकर्स ने 'धुरंधर' को मेजर शर्मा की कहानी से जोड़ा है, लेकिन फिल्म बनाने वालों ने ना तो इसे माना है और न ही कभी परिवार से सलाह ली है। याचिका में कहा गया है कि शहीद कोई फायदे की चीज नहीं है। यह भी कहा गया कि किसी को भी यह अधिकार नहीं है कि वारिसों से इजाजत लिए बिना सैनिक की जिंदगी पर फिल्म बनाए। परिवार का कहना है कि बिना इजाजत के सैनिक की जिंदगी को दिखाना, संविधान के आर्टिकल 21 के तहत पर्सनैलिटी राइट्स का उल्लंघन है। याचिकाकर्ता ने अदालत से गुजारिश की है कि फिल्म की रिलीज रोक दी जाए और किसी भी पब्लिक प्रीमियर से पहले मेजर शर्मा के परिवार के लिए एक प्राइवेट स्क्रीनिंग जरूरी कर दी जाए। याचिका में सीबीएफसी, एडीजीपी, निर्देशक और जियो स्टूडियो का नाम है।

# कियारा और सिद्धार्थ के नाम से मिलकर बना सरायाह मल्होत्रा



कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने अपनी बेटी का नाम सरायाह रखा है। यह नाम दोनों सेलेब्स के नाम से जुड़कर बना है। जुलाई महीने में कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा की बेटी का जन्म हुआ। आज शुक्रवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ ने अपनी बेटी का नाम फैंस को बताया। दोनों ने अपनी राजकुमारी को 'सरायाह' नाम रखा है। फैंस का मानना है कि यह नाम दोनों ने अपने नामों को जोड़कर बनाया है लेकिन इसका मतलब क्या होता है हम आपको बताते हैं कि इस नाम का मतलब क्या है कियारा और सिद्धार्थ की बेटी सरायाह का मतलब संस्कृत, अरबी दोनों भाषाओं में अलग-अलग है। संस्कृत भाषा में इस नाम का मतलब सार या तत्व होता है। वहीं अरबी भाषा में सरायाह का मतलब होता है, शुद्ध या सम्मान से भरा। इसके अलावा हिब्रू में इस नाम का अर्थ राजकुमारी होता है। इसी नाम को चमक और सौम्यता शब्द से भी जोड़ा जाता है। सौम्य का अर्थ कोमल होता है। सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी ने अपनी पोस्ट में बेटी सरायाह को ईश्वर का आशीर्वाद कहा है। उनके लिए नन्ही परी किसी राजकुमारी से कम नहीं है। बेटी की परवरिश करने के लिए इन दिनों कियारा ने भी करियर ब्रेक लिया है। सिद्धार्थ मल्होत्रा के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह कुछ वक्त पहले फिल्म 'परम सुंदरी' में नजर आए थे।

# 'गुस्ताख इश्क' से आगे निकली 'जूटोपिया 2'



अमेरिकन एनिमेटेड फिल्म 'जूटोपिया 2' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस बार फिल्म के हिंदी वर्जन में अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने भी अपनी आवाज दी है। अब फिल्म के पहले दिन की कमाई सामने आ गई है। डिज्नी की एनिमेटेड फिल्म 'जूटोपिया 2' की पहले दिन की कमाई सामने आ गई है। खबर लिखे जाने तक सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, 'जूटोपिया 2' ने 1.13 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। हालांकि, देर रात तक इस कलेक्शन के बढ़ने की उम्मीद है। 'जूटोपिया 2' में निक वाइल्ड और ज्युडी हॉप्स की जोड़ी एक सांप का सामना करते हुए नजर आते हैं। यह फिल्म 'जूटोपिया' का सीक्वल है। फैंस को फिल्म काफी पसंद आ रही है। लोग इस रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म की सराहना कर रहे हैं। 'जूटोपिया 2' के साथ आज दो और फिल्में भी रिलीज हुई हैं। इनमें एक धनुष और कृति की 'तेरे इश्क में' है। जबकि दूसरी विजय वर्मा और फातिमा सना शेख की 'गुस्ताख इश्क' रिलीज हुई है। हालांकि, 'जूटोपिया 2' 'तेरे इश्क में' से पीछे रही है।

# अजय देवगन की 'इश्क' के पूरे हुए 28 साल



फिल्म 'इश्क' के 28 साल पूरे हो चुके हैं। इस मौके पर अजय देवगन ने एक बेहतरीन पोस्ट शेयर की है। बॉलीवुड के बेहतरीन कलाकार अजय देवगन और काजोल की फिल्म 'इश्क' 28 नवंबर 1997 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को आज 28 साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर अजय देवगन इसका जश्न मना रहे हैं। उन्होंने काजोल के साथ पुरानी तस्वीरें शेयर की हैं और एक बेहतरीन कैप्शन लिखा है। फैंस को यह पसंद आ रहा है। अजय देवगन ने इंस्टाग्राम पर अपनी जिंदगी के सबसे अच्छे पलों की तस्वीरें शेयर की हैं। एक तस्वीर में वह काजोल को गले लगा रहे हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा 'इश्क हुआ'। दूसरी तस्वीर में वह काजोल के साथ दुल्हा-दुल्हन की तरह बैठे हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा 'कैसे हुआ'। तीसरी तस्वीर में वह काजोल और अपने दो बच्चों के साथ बैठे हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा 'अच्छा हुआ।' इसके साथ पोस्ट में उन्होंने लिखा 'जैसे हुआ अच्छा ही हुआ है। इश्क के 28 साल पूरे हुए।' अजय देवगन की इस पोस्ट को कई यूजर्स ने लाइक किया है। एक यूजर ने बहुत ही शानदार कमेंट किया है, जिसमें अजय देवगन की कई फिल्मों के नाम हैं।

# अधिकारी फील्ड में रहकर गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का काम पूरा कराने में बीएलओ का करें सहयोगः डीएम





**मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मुनादी, एनाउंसमेंट एवं घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों को जमा करने का जारी रखें अभियान**

अमर भास्कर ब्यूरो

बिजनौर। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 कार्यक्रम में अपेक्षित प्रगति लाने और जमा हुए फार्मों को डिजिटाइज बिना विलम्ब कराने के लिए विधानसभा बिजनौर क्षेत्र अंतर्गत 6 मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए बूथ लेवल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मतदाताओं से प्राप्त होने वाले गणना प्रपत्रों को डिजिटाइज करते रहें और फार्म कलेक्शन कार्य में लगे विभिन्न विभाग के कर्मचारियों को मतदाताओं का सहयोग करने और भरे हुए फॉर्म मतदान केंद्र पर जमा करने के लिए प्रेरित करते रहें ताकि कोई भी मतदाता अपना गणना प्रपत्र जमा करने से न छूटे।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर विधानसभा क्षेत्र बिजनौर के अंतर्गत ग्राम तिमरपुर, सैंट जोसफ़ स्कूल, लूईस ली पार्कर इंटर कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन तथा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में स्थापित मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए विभागीय अधिकारियों एवं बूथ लेवल अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थीं। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे स्वयं भी अपने फार्म भरकर तत्काल बूथ लेवल अधिकारियों को उपलब्ध कराएं ताकि उनको जल्द से जल्द डिजिटाइज्ड किया जा सके। उन्होंने सभी मतदाताओं का आह्वान करते हुए कहा कि 4 दिसंबर की प्रतीक्षा न करें यथासंभव तत्काल अपने गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराएं ताकि वह उनको ऑनलाइन फीड कर सकें। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि जिन मतदाताओं द्वारा अपने गणना प्रपत्रों को जमा नहीं किया जाएगा, उनके नाम नई वोटर लिस्ट में शामिल नहीं होंगे, जिसके फलस्वरूप वे अपने मताधिकार के प्रयोग से वंचित हो जाएंगे।

# एसआईआर कार्यक्रम में भाजपाइयों ने बीएलओ का सहयोग कर मतदाओ के जमा कराए प्रपत्र





नजीबाबाद( अमर भास्कर ब्यूरो )। एसआईआर कार्यक्रम में भाजपाइयों ने बीएलओ का सहयोग कर मतदाओ के प्रपत्र जमा कराए ग्राम वासियों मतदाताओं को एस आई आर के प्रति जागरूक किया भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आज नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग बूथों पर जाकर ग्राम वासियों को एस आई आर के प्रति जागरूक किया उनके प्रपत्र भरवा कर जमा करने में बीएलओ का सहयोग किया ग्राम वासियों से आह्वान किया कि वह इस विशेष/ गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान में सहयोग करें निर्वाचन आयोग द्वारा मांगी जा रही जानकारियां उपलब्ध करायें ताकि शुद्ध मतदाता सूची तैयार हो सके मंडल अध्यक्ष कमल सैनी, महामंत्री सचिन देशवाल, कपिल राजपूत, वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, डॉ रितेश सैन, संजीव भुईयार, ने आज भागूवाला मंडल के बूथ संख्या 142 रवापुरी साहनपुर पर बीएलओ मुकेश देवरानी,105, 106, 107 राहतपुर 110 राजारमपुर तुलसी पर बीएलओ अनीता देवी, 111 मुस्सेपुर पर चन्द्र प्रकाश सैनी का सहयोग किया सम्मानित मतदाताओं से अपने-अपने प्रपत्र बीएलओ को जमा करके इस अभियान में सहयोग करने की अपील की चौधरी ईशम सिंह ने कहा कि यह कार्य बहुत महत्वपूर्ण है इसमें अपने स्वयं के परिवार के अपने-अपने ग्राम वासियों के प्रपत्र आगामी चार दिसंबर से पहले पहले जमा करने का आह्वान किया है ताकि सभी के नाम मतदाता सूची के पहले ड्राफ्ट में ही आ जाए मतदाताओं को कोई समस्या ना हो।

# आसपा नेता साहिल मेहरा ने मौहम्मद राशिद को दिलाई पार्टी की सदस्यता

**जनपद बिजनौर में दिन प्रतिदिन आजाद समाज पार्टी से जुड़ रहा है सर्व समाज का मतदाताः साहिल मेहरा**



अमर भास्कर ब्यूरो

किरतपुर। जनपद बिजनौर में आजाद समाज पार्टी काशीराम की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करने वाले युवा समाजसेवी व राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के बेहद करीबी साहिल मेहरा ने पार्टी के प्रति बढ़ते रुझान को देखते हुए समाजवी नगर के जिम्मेदार मौहम्मद राशिद भाई को आजाद समाज पार्टी की सक्रिय सदस्यता ग्रहण कराई।

साहिल मेहरा ने कहा कि मोहम्मद राशिद की सर्व समाज में मजबूत पकड़ है जिसके चलते आजाद समाज पार्टी को मजबूती प्रदान होगी। राशिद भाई के पार्टी ज्वाइन करने से पार्टी को और बल मिलेगा। साहिल मेहरा ने कहा कि मैं इस नियुक्ति के साथ ही मोहम्मद राशिद के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशा व्यक्त करता हूं कि आजाद समाज पार्टी काशीराम वह भाई एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद की नीतियों में विचारों को जन-जन तक पहुंच कर पार्टी को मजबूत करने का कार्य करेंगे।

# वन विभाग की मिली भगत से रात के अंधेरे में हो रही ट्रैक्टर ट्राली से लकड़ी चोरी







**▶▶ धामपुर वन रेंजर हरदेव सिंह ने निगम की बात कह कर मामले से पल्ला झाड़ा**

**▶▶ संबंधित विभाग की आंखों में माफिया लोग काफी समय से झोंक रहे हैं धूल**

नहटौर( अमर भास्कर ब्यूरो)। बिजनौर प्रभागिय लौगिग प्रबंधक वन निगम नजीबाबाद द्वारा नहटौर से नूरपुर रोड पर लिप्टिस की लॉट काटी जा रही है,जिसका अभिवहन अवैध रूप से किया जा रहा है। शनिवार की रात को 10.30 बजे के बाद ट्रैक्टर ट्राली में भरकर प्रकाष्ठ कटे हुए लट्ठे का अभिवहन किया जा रहा है, जबकि नियमानुसार प्रकाष्ठ का अभिवहन शाम सूर्यास्त के बाद नही किया जा सकता है। वही ट्रैक्टर चालक बिना नंबर प्लेट के ट्रैक्टर से प्रकाष्ठ का अभिवहन कर रहा है। इस सम्बंध में वन क्षेत्राधिकारी को उनके दूरभाष नंबर पर इसकी सूचना दी गई तो उन्होंने ट्रैक्टर ट्रॉली को वापस लॉट में खड़ा करने की बात कहते हुए फोन पर डिप्टी रेंजर से बात करने की बात कही। तथा उन्होंने अपने आप को छुट्टी पर होना बताया। प्रभागिय लौगिग प्रबंधक एवं डिप्टी रेंजर दोनों ने फोन रिसीव कर बात सुनकर ट्राली को वापस लाट में भिजवाने की बात कहकर अपना पीछा छुड़ा लिया। जबकि ओमप्रकाश नामक व्यक्ति उस ट्रैक्टर ट्रॉली के साथ थे। उधर इस संबंध में धामपुर डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी करने के बाद ही कुछ बता पाएंगे जबकि सुबह में उनसे मोबाइल फोन पर हुई बातचीत में उन्होंने कहा कि यह मामला निगम का है इसमें हम कुछ नहीं कर सकते। बताते चलें कि निगम दिन छिपाने के बाद बंद हो जाता है इसलिए उपरोक्त ट्रैक्टर ट्राली का निगम में जाने का कोई मकसद नहीं होता है बल्कि आप है कि उपरोक्त लोग उक्त से भरी ट्रैक्टर ट्राली को किसी अतिरिक्त प्राइवेट स्थान पर मनमाने दामों पर बेचते थे हैं। बताया जा रहा है कि यह खेल काफी समय से चल रहा है वन विभाग इस मामले में चुप्पी साधे हुए हैं।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना पीएम के मन की बात कार्यक्रम का 128 वां एपिसोड



अमर भास्कर ब्यूरो

नजीबाबाद। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का 128 वां एपिसोड सुना।

भारतीय जनता पार्टी नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने बूथ पर उपस्थित रहकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम का 128 वां एपिसोड सुना जिसमें प्रधानमंत्री जी के द्वारा बताई गई अनेक योजनाओं की जानकारी प्राप्त की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के 128 वें एपिसोड में नवंबर महीने की प्रमुख घटनाओं और उपलब्धियों को देश के सामने रखा और कहा कि यह महीना कई प्रेरणाएं लेकर आया. उन्होंने संविधान दिवस पर सेंट्रल हॉल के कार्यक्रम, वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने, अयोध्या में राम मंदिर पर धर्मध्वजा के आरोहण और कुरुक्षेत्र में पांचजन्य स्मारक के लोकार्पण का जिक्र किया शीतकाल में पहाड़ी क्षेत्रों मे बढ़ रहे पर्यटन की अपेक्षा की सराहना की इसके उपरांत गांव में जनसंपर्क कर गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में अपने-अपने फॉर्म जमा करने की अपील की भागूवाला मंडल के राहतपुर शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 110 राजारमपुर तुलसी पर भाजपा के वरिष्ठ नेता चौधरी ईशम सिंह एवं चेयरपर्सन किसान सहकारी समिति सनोज देवी के आवास पर आदित्य मलिक, युवी चौधरी, सुमित गुर्जर, नरपाल सिंह, अर्णव चौधरी,बूथ संख्या 128 पर सीमा कर्णवाल,दीपक कर्णवाल ने कार्यकर्ताओं के साथ,बूथ संख्या 136 साहनपुर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार प्रजापति ने जिला प्रतिनिधि वरुण कौशिक, संजीव भुईयार,तासिम राइन,137 जाटान साहनपुर पर अनुज काकरान, महामंत्री सचिन देशवाल ने,105 राहतपुर पर महामंत्री कपिल राजपूत,बूथ अध्यक्ष केशव पाल, रघुनाथ सिंह,111 मुस्सेपुर पर संजीव गुज्जर, जयपाल सिंह, संदीप कुमार, सतपाल सिंह आदि ने प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम को सुना।

# सवेरा सामाजिक संस्था द्वारा दिशा ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट में सेवा एवं सहयोग पर आधारित विशेष कार्यक्रम किया गया आयोजित





धामपुर( अमर भास्कर ब्यूरो)। सवेरा सामाजिक संस्था द्वारा 28 नवंबर 2025 को दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में सेवा एवं सहयोग पर आधारित विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विकलांग बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को निःशुल्क कृत्रिम अंग, व्हीलचेयर तथा सहायक उपकरण उपलब्ध कराना था। साथ ही समाज में संवेदनशीलता, सहयोग और मानवता का संदेश प्रसारित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित हुई, जिनमें कृत्रिम अंगों का वितरण एवं फिटिंग, स्वास्थ्य-सुरक्षा संबंधी सामाजिक जागरूकता, समाज सेवा के महत्व पर संवाद तथा संस्था के सदस्यों द्वारा प्रेरणादायक अनुभव साझा किए गए। इस अवसर पर दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के जनरल सेक्रेटरी श्री मुकेश कुमार अग्रवाल ने विशेष योगदान दिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सवेरा सामाजिक संस्था की टीम जिसमें अध्यक्ष परमेश्वर अग्रवाल, डॉ. पंकज अग्रवाल, डॉ. सुरेश चौधरी, विनीत कुमार बंसल, विकास कुमार गर्ग, संजीव अग्रवाल, मनोज कुमार, सतपाल चावला, अमिताभ चौहान, डॉ. आदित्य अग्रवाल सहित कई सदस्य शामिल थे। सभी ने मिलकर जरूरतमंदों की सहायता की। कार्यक्रम में लाभार्थियों के लिए भोजन और जलपान की व्यवस्था भी विशेष रूप से की गई। संस्था ने आगे की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि 29 नवंबर 2025 को गर्ल्स इंटर कॉलेज, धामपुर में तथा 1 दिसंबर 2025 को लखपत राय स्कूल में स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मानव सेवा को समर्पित यह कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा। लाभार्थियों की मुस्कान और संतोष ने इस पहल को और अधिक सार्थक बनाया। संस्था ने सभी सहयोगियों व स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया।

# नैंसी पंडित को मिली पीएचडी की उपाधि



नगीना( अमर भास्कर ब्यूरो)। नगीना के एक मध्यम परिवार की बेटी की हिम्मत को सलाम। नगीना के आजाद कॉलोनी निवासी एक ब्राह्मण परिवार की बेटी ने विवाह के पश्चात लगन और मेहनत के साथ पीएचडी की डिग्री हासिल की। आजाद कॉलोनी लाइन पार निवासी अंजू शर्मा तथा राजकुमार शर्मा की विवाहित बेटी नैंसी पंडित ने ग्लोकल यूनिवर्सिटी सहारनपुर से फिजिक्स सब्जेक्ट में पीएचडी की डिग्री हासिल की, यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. अजय के निर्देशन में सौर ऊर्जा सब्जेक्ट पर थीसिस लिखकर डिग्री हासिल की। नैंसी पंडित ने अपनी मेहनत के साथ-साथ इसका श्रेय अपने माता-पिता तथा अपने ससुराल पक्ष व पति डॉ. अंकुर भारद्वाज को दिया। उन्होंने बताया कि इन सबके सहयोग के बिना विवाह के पश्चात इन ऊंचाइयों को छूना मेरे अकेले के बस की बात नहीं थी। विवाह के पश्चात लड़की को अपने साथ-साथ ससुराल की भी जिम्मेदारी निभानी पड़ती है। उन्होंने बताया कि मैंने 2021 में पीएचडी करने के लिए एडमिशन लिया, तथा डॉ. अजय के निर्देशन में मैंने 2025 में थीसिस पूर्ण करके डिग्री प्राप्त की। मैं अपने परिवार के साथ-साथ डॉ. अजय के प्रति आभारी हूं जिनके निर्देशन में मैंने यह डिग्री प्राप्त की।

# महिला बीएलओ की हृदयगति रुकने से मौत, परिजनों में कोहराम

**बीएलओ ड्यूटी में लगी आंगनबाड़ी कार्यकत्री का कुछ दिनों से चल रहा था स्वास्थ्य खराब मुरादाबाद के एक अस्पताल में इलाज के दौरान शनिवार को ली अंतिम सांस**



अमर भास्कर ब्यूरो

धामपुर। एसआइआर फार्म भरने की ड्यूटी में लगी 56 वर्षीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की शनिवार सुबह मौत हो गई। वह कुछ दिनों से बीमार थीं, शुक्रवार को अचानक तबीयत अधिक खराब हो गई थी। जिसके चलते उन्हें धामपुर के एक अस्पताल से मुरादाबाद रेफर किया गया था। जहां शनिवार सुबह उनकी मौत हो गई। एसडीएम ने परिवार को विभागीय स्तर पर हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

मुहल्ला बाड़वान निवासी लगभग 56 वर्षीय शोभा रानी पत्नी कृपाल सिंह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता थीं। इस समय नगर के बूथ संख्या-97 पर उनकी बीएलओ के रूप में एसआइआर फार्म भरवाने की ड्यूटी चल रही थी। बताया गया है कि पिछले कुछ दिनों से उनकी तबीयत खराब चल रही थी, शुक्रवार सुबह अचानक अधिक खराब हो गई, जिसके चलते उन्हें धामपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया था। परिजनों ने उन्हें मुरादाबाद के एशियन विवेकानंद अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन इलाज के दौरान शनिवार सुबह लगभग साढ़े 11 बजे उनकी मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। बताया गया है कि शोभा रानी को हृदय संबंधी बीमारी थी। सूचना पर तहसील के अधिकारियों ने भी उनके घर पहुंचे और परिवार से जानकारी ली। इस मामले में परिजनों ने कोई पुलिस कार्रवाई नहीं की है। एसडीएम स्मृति मिश्रा ने बताया कि शोभा रानी का कुछ दिनों से स्वास्थ्य खराब चल रहा था। उनकी सहायता के लिए सहायक भी लगाया गया था, जबकि तबीयत अधिक खराब होने पर उनके स्थान पर दूसरे कर्मचारी को लगा दिया गया था। उनके परिवार की विभागीय नियमानुसार हर संभव मदद की जाएगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक-युवती की मौत, परिवार में मचा कोहराम



अमर भास्कर ब्यूरो

चांदपुर। थाना क्षेत्र के संदिग्ध परिस्थितियों में युवक युवती की मौत हो गई। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जमालुद्दीनपुर में सूचना प्राप्त हुई कि कुमारी शिवानी पुत्री रामवीर सिंह, उम्र लगभग 18 वर्ष, जाति कश्यप तथा आंसू पुत्र रवि, उम्र लगभग 20 वर्ष, जाति कश्यप द्वारा आपसी प्रेम-प्रसंग एवं कुमारी शिवानी की शादी अन्यत्र तय किए जाने से क्षुब्ध होकर गांव के बाहर स्थित एक शहतूत के पेड़ पर लटककर आत्महत्या कर ली गई है। सूचना पर थाना चांदपुर पुलिस व फिल्ड यूनिट टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर दोनो शवो को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही के उपरान्त पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी भेजा गया। अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। मौके पर कानून-व्यवस्था पूर्णतः सामान्य है।

# क्षेत्र के युवा समाजसेवी संतराम सिंह को उनकी सामाजिक गतिविधियों के चलते बनाया गया भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत में गंज नगर अध्यक्ष

**संतराम सिंह को किसान यूनियन का गंज नगर अध्यक्ष बनने पर उनके शुभचिंतकों दोस्तों मित्रों ने दी दिल से बधाई, संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरी तरह निभाऊंगाः नवनियुक्त नगर अध्यक्ष संतराम सिंह**



अमर भास्कर ब्यूरो

गंज। बिजनौर जनपद के बिजनौर थाने के अंतर्गत आने वाले कस्बा गंज से युवा समाजसेवी संतराम सिंह की समाज सेवा के चलते भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत ने संतराम सिंह बिजनौर उत्तर प्रदेश को नगर अध्यक्ष गंज पद पर मनोनीत किया गया।

संगठन ने भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत का गंज नगर अध्यक्ष मनोनीत करते हुए नवनियुक्त नगर अध्यक्ष संतराम सिंह से आशा व्यक्त की है कि वह संगठन की नीतियों को भली-भांति जानकर अन्य लोगों को संगठन से जोड़ने का कार्य करने के साथ ही सामाजिक कार्य निरंतर करते रहेंगे इसके साथ ही भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत ने संतराम सिंह के उज्जवल भविष्य की कामनाओं के साथ आपसे आशा करते हैं कि आप भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के नियम /अनुशासन को ध्यान में रखते हुए किसान/ मजदूर व समाज के हितों के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे। यह जानकारी देते हुए भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के जिला उपाध्यक्ष विमल कुमार शर्मा ने बताया कि संतराम सिंह को उनकी समाज सेवा के क्षेत्र में चल रही रुचि के चलते यह पद दिया गया है।

# सीओ ने किया नांगल थाने का निरीक्षण, सभी दस्तावेज पाएं दुरुस्त



आमर भास्कर ब्यूरो

नांगल सोती। सीओ नजीबाबाद ने नांगल थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान सीओ ने सभी दस्तावेज दुरुस्त पाए। शनिवार को शाम पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह ने थाने का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान सीओ नितेश प्रताप सिंह ने अपराध रजिस्टर, ऑडर रजिस्टर, सुरक्षा समिति रजिस्टर, हवालात रजिस्टर, नकबजनी, सक्रिय अपराधी, जांच पर्ची आदि रजिस्टरों का बारीकी के साथ निरीक्षण किया।

इस दौरान सीओ ने सभी दस्तावेजों को दुरुस्त पाया और माल खाने में मौजूद हथियारों को देखा। जिसके बाद सभी हथियार साफ सुथ रे और तेल लगे पाए गए। इसके साथ हीं सीओ ने महिला शौचालयों, मैस, आरक्षियों के आवास का निरीक्षण किया, वह सभी भी दुरुस्त पाये गये और थाना परिसर में अच्छी साफ सफाई भी पाई गई। इसके बाद सीओ ने नांगल के मुख्य बाजार में पुलिस बल के साथ पैदल गस्त करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान थानाध्यक्ष सतेंद्र मलिक सहित कई पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

